उज्जैन
शनिवार
20
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-227
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



एक्टर्स की पेमेंट रोके जाने पर भड़कीं शिल्पा शिंदे:एक्टर शहजादा धामी के 30 लाख रोके जाने पर बोलीं- सब्जी बेचूंगी, लेकिन प्रोड्यूसर की नहीं चाटूंगी

## ट्रम्प बोले-मेलोनी मेरे साथ फोटो खिंचाने के लिए बेताब थीं

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक बयान पर नाराजगी जाहिर की है। ट्रम्प ने दावा किया था कि जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मेलोनी उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए बेताब थीं। इस पर मेलोनी ने कहा कि ट्रम्प की यह कहानी पूरी तरह झूठी और मनगढ़ंत है। ट्रम्प ने इतालवी टीवी चैनल से बातचीत में कहा, वह मेरे साथ फोटो चाहती थीं। मैं ऐसा नहीं करना चाहता था, लेकिन मुझे उन पर तरस आ गया। इस पर मेलोनी ने कहा, मैं हैरान हूं। समझ नहीं आता कि अमेरिका के राष्ट्रपति अपने सहयोगियों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों करते हैं। एक बात उन्हें याद रखनी चाहिए- न मैं और न ही इटली कभी किसी के सामने गिड़गिड़ाते हैं।



## डोमिनिकन रिपब्लिक के बीचफ्रंट रिजॉर्ट में आग लगी, 1 की मौत

**कैरेबियाई।** कैरेबियाई देश डोमिनिकन रिपब्लिक के पर्यटन स्थल बायाहीबे स्थित एक बीचफ्रंट रिजॉर्ट में आग लग गई। हादसे में इटली की एक महिला पर्यटक की मौत हो गई, जबकि करीब 1,700 पर्यटकों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मृतक की पहचान फ्रांसेस्का वैलेंटिनो के रूप में हुई है। आग विवा विंडहैम डोमिनिकस बीच होटल में लगी थी। डीएईएच के मुताबिक, 3 लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जबकि 6 अन्य का मौके पर ही इलाज किया गया। फायर ब्रिगेड ने कई घंटों के बाद आग पर काबू पा लिया। अधिकारियों के मुताबिक, होटल की छत का कुछ हिस्सा ताड़ (पाम) के पत्तों से बना था, जिससे आग तेजी से फैल गई।

## दावा- कोरोना के लिए अमेरिकी वैज्ञानिक ने की थी फंडिंग

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कार्यालय में अपने अंतिम दिन बड़े वैज्ञानिक डॉ. एंथनी फॉसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कुछ गोपनीय दस्तावेज जारी कर दावा किया है कि डॉ. फॉसी ने चीन की वुहान लैब को लाखों डॉलर की सरकारी फंडिंग दी थी। इस पैसे का इस्तेमाल चमगादड़ के कोरोना वायरस को और खतरनाक बनाने वाली रिसर्च के लिए हुआ। आरोप है कि जब महामारी फैली, तो डॉ. फॉसी ने यह बात दबाई कि वायरस लैब से लीक हुआ था। गबार्ड के मुताबिक, डॉ. फॉसी ने 2024 में अमेरिकी संसद के सामने कसम खाने के बाद भी झूठ बोला था।




## ईरान बोला- समझौता टूटा तो अमेरिका जिम्मेदार होगा

**तेल अवीव।** ईरान ने कहा है कि लेबनान समेत सभी मोर्चों पर जंग खत्म कराने की जिम्मेदारी अमेरिका की है। अगर समझौते का उल्लंघन होता है, तो इसके लिए वॉशिंगटन को जिम्मेदार माना जाएगा। अल जजीरा के मुताबिक, यह बयान ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से फोन पर बातचीत में दिया। इधर, इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच युद्धविराम लागू होने की खबरों के कुछ घंटे बाद हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम ने कहा कि संगठन इजराइली कब्जे को कभी स्वीकार नहीं करेगा। बेरूत में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह कब्जे वाली जमीन को मुक्त कराने के अपने लक्ष्य पर कायम है। संगठन लेबनान के संविधान के दायरे में काम करता है और विदेशी दबदबे को खारिज करता है।

## जियो का आईपीओ आएगा, यह देश में सबसे बड़ा, 27 करोड़ शेयर से 37,700 करोड़ जुटाने का प्लान

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं सालाना बैठक, यानी एजीएम 19 जून को हुई। कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने करीब 44 लाख शेयरहोल्डर्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कंपनी यूरोप और अफ्रीका के मार्केट में एंट्री कर रही है। वहीं, कंपनी जियो का आईपीओ भी लाने जा रही है। अंबानी बताया कि जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ लाया जाएगा। इसके लिए 19 जून को सेबी के पास ड्राफ्ट दस्तावेज जमा कर दिए गए हैं। कंपनी 27 करोड़ नए शेयर जारी करेगी और आईपीओ के जरिए करीब 4 बिलियन डॉलर यानी 37,700 करोड़ जुटाने की योजना है।



## एमपी के डिंडौरी में वाहन ने 8 मवेशियों को रौंदा, सड़क पर मिले मृत

**डिंडौरी।** एमपी के डिंडोरी में विक्रमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के कैलवारा गांव में बुधवार रात अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे बैठे आठ मवेशियों को कुचल दिया। घटना में सभी मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना शहपुरा-बटौंधा स्टेट हाईवे पर कैलवारा गांव के पास हुई। रात के समय मवेशी सड़क किनारे बैठे थे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया. सुबह ग्रामीणों ने मृत मवेशियों को सड़क किनारे देखा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

### राजस्थान के भिलवाड़ा में हाल ही में पकड़ी गई एमडी ड्रग फैक्टरी के मामले में

# पुलिसवालों का पप्पू सेठ ही निकला एमडी ड्रग तस्कर

### पप्पू के खिलाफ मध्य प्रदेश और राजस्थान में 10 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज, जिनमें तीन एनडीपीएस एक्ट के मामले भी शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

राजस्थान के भिलवाड़ा में हाल ही में पकड़ी गई एमडी ड्रग फैक्टरी के मामले में मंदसौर जिले के डोडियामीणा गांव निवासी वीरेंद्र पिता हजारीलाल बांछड़ा उर्फ पप्पू का नाम सामने आया है। पप्पू के खिलाफ मध्य प्रदेश और राजस्थान में 10 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें तीन एनडीपीएस एक्ट के मामले भी शामिल हैं।

पप्पू एक साल पहले उस समय चर्चा में आया था, जब उसका जन्मदिन मनाते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में मंदसौर जिले के दो एएसआई सुनील तोमर और जगदीश ठाकुर उसे केक खिलाते दिखाई दिए थे।

### पुलिस के हर मूवमेंट की जानकारी रखता था

मंदसौर क्षेत्र में पप्पू और पुलिस के बीच का रिश्ता किसी से छिपा नहीं था। कई पुलिसकर्मी उसे 'पप्पू सेठ' कहकर बुलाते थे। नई आबादी थाने में पदस्थ रहे कुछ पुलिसकर्मियों से उसके बेहद करीबी संबंध बताए जाते हैं। सूत्रों के अनुसार, इन्हीं संपर्कों के जरिए उसे पुलिस की गतिविधियों और कार्रवाई की पहले से जानकारी मिल जाती थी। एनडीपीएस एक्ट के तीन मामले दर्ज होने के बावजूद वह पुलिस के लिए मुखबिर जैसा बना रहा। इसी का फायदा उठाकर जिले से बाहर मादक पदार्थ की खेप भेजता था। कहां पुलिस चेकिंग कर रही है, किस मार्ग पर नाकाबंदी है और कौन सा रास्ता सुरक्षित है, जैसी सूचनाएं उसे मिलती रहती थीं।



**टीआई की बंदूक से माफिया काटते थे केक, तोड़ कराने में भी काम आते थे**

### तस्करों से पुलिस साठगांठ की लंबी फेहरिस्त

पप्पू का मामला इकलौता केस नहीं है जिसमें पुलिस और तस्करों के बीच साठगांठ के आरोप हैं। हमने ऐसे ही केस की फेहरिस्त खंगाली तो चौंकाने वाले मामले सामने आए।

### 15 साल से तस्करी में सक्रिय 'तोड़' कराने में था माहिर

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पप्पू 15 वर्षों से मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क में सक्रिय था। इस दौरान उसने पुलिस और स्थानीय प्रभावशाली लोगों से ऐसे संबंध विकसित कर लिए थे कि मारपीट, अवैध कारोबार और अन्य आपराधिक मामलों में भी 'तोड़' यानी समझौता कराने के लिए उसकी मदद ली जाती थी। किसी को मामले में फंसाना हो या किसी आरोपी को राहत दिलानी हो, वह अपने संपर्कों के दम पर रास्ता निकाल लेता था। भीलवाड़ा में गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके स्थानीय नेटवर्क और संपर्कों की आंतरिक पड़ताल भी शुरू कर दी है। मंदसौर-नीमच क्षेत्र में बढ़ती सख्ती के बाद उसने कुछ पुलिसकर्मियों के कथित सहयोग से भीलवाड़ा में अपना कारोबार फैलाया। अफीम उत्पादक किसानों और स्थानीय नेटवर्क से मजबूत संपर्क होने के कारण उसे कच्चा माल जुटाने और तस्करी संचालित करने में विशेष परेशानी नहीं होती थी।

## महाराष्ट्र में पिज्जा खाने से 34 लोग बीमार

ब्रह्मास्त्र ›› ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में एक फूड आउटलेट से शावरमा पिज्जा खाने के बाद 34 लोग बीमार पड़ गए। बीमार होने वालों में बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, लोगों ने बुधवार रात पिज्जा खाया था। इसके बाद गुरुवार दोपहर से उन्हें पेट दर्द, उल्टी, चक्कर और दस्त जैसी शिकायतें होने लगीं। गुरुवार शाम से मरीज सरकारी अस्पताल पहुंचने लगे और यह सिलसिला शुक्रवार सुबह तक जारी रहा। कुल 34 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहत की बात यह है कि सभी मरीज खतरे से बाहर हैं। घटना के बाद पुलिस ने फूड आउटलेट के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एमपी में नीट परीक्षा कल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर पाबंदी, स्टूडेंट्स बोले

# एजुकेशन सिस्टम बहुत गंदा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

नीट (यूजी) की 21 जून को होने वाली पात्रता परीक्षा में कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर पाबंदी रहेगी। मोबाइल, ब्लूटूथ, ईयरफोन-स्मार्ट वॉच भी नहीं ले जा सकेंगे। मध्य प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टरों ने परीक्षा से पहले गाइडलाइन जारी कर दी है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा को लेकर निर्देश दिए हैं। परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा केंद्रों पर समय से पहले पहुंचे। परीक्षा को लेकर भोपाल, इंदौर-रतलाम से स्पेशल ट्रेन भी चलेगी।

मेडिकल में प्रवेश के लिए 21 जून को होने वाली री-नीट में इस बार भोपाल में 560 परीथार्थी कम हो गए हैं। पिछली बार 14 हजार 334 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी, जबकि इस बार यह संख्या घटकर 13 हजार 774 रह गई है। परीक्षा केंद्रों की संख्या भी 33 से घटकर 32 रह गई है। एक केंद्र पर उसी दिन यूपीएससी की परीक्षा होने के कारण केंद्रों की संख्या कम की गई है। छात्रा दिव्यानी परिहार ने बताया, वह पिछले 3 साल से तैयारी कर रही है। पिछली नीट परीक्षा अच्छी हुई है। परीक्षा देकर घर भी चले गए थे और रिजल्ट का इंतजार था। पेपर लीक की जानकारी मिलते ही वापस भोपाल आए और अब दोबारा परीक्षा देना पड़ रही है। कई बच्चे मानसिक रूप से तैयार नहीं है। पेपर लीक का डाउट है। क्या होगा, ये बता नहीं सकती। अभी सिक्योरिटी तो नहीं है, लेकिन मेहनत कर रहे हैं।

**जिम्मेदार बच्चों का सोचें, अपनी जेबें कम भरें**

### उम्मीद है अब ऐसा नहीं होगा

छात्रा रौनक रघुवंशी ने बताया, नीट का पेपर एक बार लीक हो चुका है। इसलिए उम्मीद है कि अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि सरकार भी सतर्क है। एक अन्य छात्रा ने बताया कि मैंने पिछली बार परीक्षा दी थी। इस बार भी दे रही हूं। एनटीए परीक्षा करा रहा है। इससे उम्मीद है कि कोई गड़बड़ी नहीं होगी। प्राची ने बताया कि अच्छी तैयारी है। पेपर लीक न हो, इसे लेकर कुछ नहीं कह सकते। एक परसेंट भी भरोसा नहीं है। छात्रा रूबी ने बताया कि पिछली बार पेपर अच्छे से हुआ था, लेकिन बाद में लीक हो गया। अब देखते हैं इस बार क्या होता है?

### इंडियन एजुकेशन सिस्टम बहुत गंदा

छात्रा प्रणवी उपाध्याय ने कहा कि मैं नीट की तो नहीं जेईई की स्टूडेंट हूं और परीक्षा की तैयारी कर रही हूं। जब कोई पेपर लीक होता है तो लाखों सपने टूटते हैं। सरकार परीक्षाएं अच्छे से कराएं। ताकि, पेपर लीक जैसे मामले सामने न आए। इंडियन एजुकेशन सिस्टम खराब है। देश इसी सिस्टम से चलता है। इसे सुधरना चाहिए। जिम्मेदार अपनी जेबें कम भरें।

## इंजीनियर के ठिकानों पर छापा, 49 प्लॉट और करोड़ों की संपत्ति का खुलासा

ब्रह्मास्त्र ›› ओडिसा

ओडिशा सतर्कता (विजिलेंस) विभाग ने कोरापुट जिले के कोटपाड ब्लॉक में सहायक कार्यपालन अभियंता सत्यनारायण सेठी के ठिकानों पर रेड की। 7 स्थानों पर एक साथ की गई छापेमारी में 49 कीमती प्लॉट, दो फार्महाउस, 940 ग्राम सोने के आभूषण, 2.5 किलोग्राम चांदी और 5.48 लाख रुपये कैश मिला। इसके अलावा दो फ्लैट और 60.92 लाख की बैंक तथा डाकघर जमा राशि का भी पता चला है, जिनकी जांच की जा रही है। जांच में पता चला कि एक फार्महाउस 10.03 एकड़ क्षेत्र में फैला है, जहां आम और यूकेलिप्टस के पेड़ लगे हैं। दूसरा फार्महाउस 4.35 एकड़ में फैला हुआ है और वहां नीलगिरी का बागान है। विजिलेंस विभाग का कहना है कि तलाशी अभियान अभी जारी है और आगे और संपत्तियों का खुलासा हो सकता है।

## ओडिशा में राष्ट्रपति की ससुराल पहाड़पुर जाएंगे पीएम मोदी

### 47600 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स लॉन्च करेंगे द्रौपदी मुर्मू आज 67वां जन्मदिन मनाएंगी

ब्रह्मास्त्र ›› रायरंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ओडिशा दौरे पर रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उनके साथ होंगी। दोनों नेता मयूरभंज के पहाड़पुर गांव और रायरंगपुर में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पहाड़पुर राष्ट्रपति मुर्मू का ससुराल है।

मोदी यहां संथाली जहेरा और हो जहेरा पर धर्मस्थलों पर पूजा करेंगे। दोपहर 1 बजे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री रायरंगपुर में ओडिशा सरकार के 2 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान 47,600 करोड़ रुपए से ज्यादा प्रोजेक्ट का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। इनमें एनर्जी, इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क कनेक्टिविटी, पीने का पानी, हेल्थ, एजुकेशन, टूरिज्म और सिंचाई से जुड़े सेक्टर शामिल हैं। प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 67वां जन्मदिन भी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को ही रायरंगपुर पहुंच गईं। हालांकि खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। उन्हें पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरफोर्स स्टेशन से बायरोड मयूरभंज जिले के रायरंगपुर पहुंचना पड़ा। यहां पहुंचकर राष्ट्रपति ने सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में एम्स भुवनेश्वर में आयोजित एक मेडिकल कैंप का उद्घाटन किया। उन्होंने कुसुमी ब्लॉक में माइनिंग से प्रभावित गांवों के लिए इंटीग्रेटेड रूरल पाइप वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट और ब्रह्मा कुमारी के मातृशक्ति भवन का भी उद्घाटन किया।

### अभिषेक बनर्जी के पहुंचने से पहले कोलकाता एयरपोर्ट पर बवाल

## टीएमसी-बीजेपी कार्यकर्ताओं में मारपीट

ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

कोलकाता एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान एक महिला बेहोश हो गई।

टीएमसी कार्यकर्ता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का स्वागत करने एयरपोर्ट पहुंचे थे, जो दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर लौट रहे थे। अभिषेक के एक समर्थक ने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े कुछ लोग एयरपोर्ट पर आए और टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ बदसलूकी करने लगे। समर्थक का दावा है कि उनके हाथों में अंडे थे और बाद में उन्होंने हथियार भी निकाले। उन्होंने सवाल उठाया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी और सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद हथियार अंदर कैसे पहुंचे।

इससे पहले भी 31 मई को पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में अभिषेक से मारपीट हुई थी। यहां वे चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। वहीं, शुक्रवार देर रात टीएमसी के एचडीएफसी बैंक के 3 अकाउंट्स 50200059108322, 50200063079047, 50200063079034 को फ्रीज किया गया। इनमें कुल मिलाकर लगभग 440 रुपये करोड़ जमा हैं।

### टीएमसी के 3 बैंक अकाउंट फ्रीज, इनमें 440 करोड़ रु.



## दिल्ली एयरपोर्ट पर 34 करोड़ से ज्यादा की हेरोइन पकड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने बड़ी ड्रग्स तस्करी का मामला पकड़ा है। 16 जून को कुआलालंपुर से दिल्ली पहुंचे एक भारतीय यात्री को शक के आधार पर रोका गया। यात्री के दो ट्रॉली बैगों की जांच करने पर उनमें से सफेद पाउडर से भरे चार पैकेट मिले। जांच में यह पदार्थ हेरोइन निकला। बरामद हेरोइन का वजन करीब 6.9 किलोग्राम है। अधिकारियों के अनुसार, जब्त हेरोइन की कीमत लगभग 34.67 करोड़ रु. है। कस्टम विभाग ने यात्री को एनडीपीएस कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया है। हेरोइन को भी जब्त कर लिया गया है।

## उद्धव बोले- मैं पार्टी अध्यक्ष का पद छोड़ने को तैयार

### शिंदे का आरोप- उद्धव ने सत्ता के लिए बाल ठाकरे की विचारधारा छोड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

शिवसेना के 60वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को उद्धव ठाकरे गुट और एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना ने मुंबई में अलग-अलग रैलियां और कार्यक्रम किए। उद्धव गुट का कार्यक्रम सायन के षणमुखानंद हॉल में हुआ। शिंदे गुट का गोरेगांव के नेस्को सेंटर में आयोजित हुआ।

शिवसेना (वइळ) चीफ उद्धव ने कहा- कांग्रेस के साथ हमारे पॉलिटिकल मतभेद रहे हैं, लेकिन उसने कभी शिवसेना को खत्म करने की कोशिश नहीं की, जैसा इखढ कर रही है। देश एक पार्टी, कोई चुनाव नहीं की तरफ बढ़ रहा है। यह डेमोक्रेसी के लिए खतरा है। उद्धव ने कहा, ह्यअगर आपको मुझ पर भरोसा और विश्वास नहीं है तो मैं पार्टी प्रमुख का पद छोड़ने को तैयार हूं। पार्टी के 6 सांसदों की बगावत से शिवसैनिक निराश नहीं हैं, बल्कि जोश में हैं।

### 2022 में हुई टूट का जनता का समर्थन मिला

गोरेगांव के नेस्को सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने 2022 में शिवसेना में हुई टूट का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि उनकी बगावत को जनता का समर्थन मिला है। आज उनकी अगुवाई वाली शिवसेना के पास विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों में मजबूत प्रतिनिधित्व है।




### बिहार में पुलिस ने जिसे पहले बताया 'मानसिक अस्वस्थ'

# बाद में उसी का किया एनकाउंटर

ब्रह्मास्त्र ›› आरा

दरअसल भोजपुर (आरा) पुलिस ने 17 जून को भरत भूषण तिवारी नाम के व्यक्ति का एनकाउंटर किया था। भरत भूषण को मंगलवार को पुलिस ने 'मानसिक अस्वस्थ' बताया था, लेकिन एक दिन बाद ही उनका एनकाउंटर कर दिया। इलाज के दौरान भरत भूषण की मृत्यु हो गई। भोजपुर के एसपी की ओर से जारी प्रेस रिलीज के मुताबिक, पुलिस टीम द्वारा खुद और लोगों की सुरक्षा के लिए गोली चलाई गई थी जो भरत भूषण के पांव में लगी।

हालांकि, गोली लगने से पहले भरत भूषण ने अपने फेसबुक अकांउट से जो लाइव किया था, उसमें यह दिख रहा है कि उन्होंने अपनी पिस्टल पुलिस की तरफ फेंक दी थी। बीबीसी इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

**बिहार के भोजपुर में एक एनकाउंटर के बाद राज्य पुलिस सवालों के घेरे में**

### क्या है पूरी घटना

बिहार के भोजपुर ज़िले के शाहपुर थाना क्षेत्र में बिलौटी नाम का गांव है। भरत भूषण तिवारी इसी गांव के रहने वाले थे। कुछ दिन पहले भरत भूषण ने एक फेसबुक पोस्ट करके सरकारी कामकाज के तरीके पर नाराजगी जताई थी और एक अधिकारी का 'एनकाउंटर' करने की बात कही थी। भरत भूषण का यह पोस्ट वायरल होने के बाद स्थानीय पुलिस उनके घर गई। पुलिस का कहना है कि उन्होंने भरत भूषण को समझाने की कोशिश भी कि लेकिन उन्होंने (भरत ने) पिस्टल निकाल ली। एक वीडियो में भरत भूषण की मां भी अपने बेटे को समझाती दिख रही हैं। ये सभी वीडियो भरत भूषण ने अपने फेसबुक पेज पर डाले हैं। 16 जून को भोजपुर पुलिस ने एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया, ११पुलिस टीम जब संबंधित व्यक्ति (भरत भूषण) के घर पहुंची तो यह तथ्य सामने आया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उन्हें तत्काल उचित इलाज के लिए मानसिक आरोग्यशाला भेजने की आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित व्यक्ति के पास मौजूद हथियार और व्यक्ति पर नियंत्रण का प्रयास किया जा रहा है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। स्थानीय पत्रकार नेहा गुप्ता ने बीबीसी न्यूज हिन्दी को बताया, ११भरत तीन दिन तक पुलिस को चुनौती देते रहे। कई बार उन्होंने फेसबुक लाइव किया, पुलिस पर गोली चलाई। उनकी मांग थी कि जो वादा नेता और अधिकारी लोगों से करते हैं, उन्हें उसे पूरा करना चाहिए। वह पिछले साल बाढ़ के दौरान हुए कटाव का मुद्दा उठा रहे थे और इस पर सरकार की तरफ से कदम नहीं उठाए जाने से नाराज थे। वह इलाके में सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर सक्रिय थे।



## खबर एक नजर...

### योग शिविर में महिलाओं ने मेडिटेशन से की महाकाल दर्शन की अनुभूति

उज्जैन। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फतेहपुरिया अग्रवाल महिला मंडल द्वारा विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं ने न केवल शारीरिक आसनों का अभ्यास किया, बल्कि आध्यात्मिक चेतना जागृत करते हुए मेडिटेशन के जरिए साक्षात भगवान महाकाल के दर्शनों की अनुभूति भी प्राप्त की। शिविर के दौरान योगाचार्य सोनम अग्रवाल ने ताली योग का महत्व बताते हुए सूक्ष्म योग का अभ्यास कराया। योगाचार्य भारती शर्मा ने सूर्य नमस्कार और कठिन आसनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात रुचिका हरभजनका ने मेडिटेशन कराया, जिसके माध्यम से महिलाओं को भगवान महाकाल के दर्शन करवाए गए। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को ऐसी अनुभूति हुई मानो वे साक्षात महाकाल मंदिर परिसर में ही दर्शन कर रही हों। इसके बाद मोनिका अग्रवाल ने योग के विभिन्न आसनों, श्वास क्रिया और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस योग शिविर के सफल आयोजन और संचालन में महिला मंडल की सरोज अग्रवाल, पूनम खेमानी, अनीता सुरेखा, नम्रता हरभजनका, आशा भगत, शैलजा बैराठी, निशा हरभजनका, राजकुमारी पसारी, सीमा गर्ग और शिप्रा बजाज का विशेष सहयोग रहा।

### राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन पर युवक कांग्रेस ने किया 21 यूनिट रक्तदान

**उज्जैन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन के अवसर पर जिला युवक कांग्रेस ने जनसेवा का संदेश देते हुए रक्तदान किया। जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में युवा कार्यकताओं ने चरक भवन स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर 21 यूनिट रक्तदान किया। युवक कांग्रेस कार्यकताओं ने पार्टी नेता के जन्मदिन को मानव सेवा के रूप में मनाने का संकल्प लेते हुए यह आयोजन किया। ब्लड बैंक में युवा कार्यकताओं ने भारी उत्साह के साथ रक्तदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। इस अवसर पर युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, जिला उपाध्यक्ष आश्विन मावरी, जिला महासचिव संदीप पवार, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र रंगवाल, यश पागे, नाजिम कुरैशी, इस्लाम पटेल, अरुण सिसोदिया, सौरभ यादव, सोनू परमार, नवीन सरवटे, जितेंद्र गुर्जर, जुगल विश्वकर्मा, अंकित यादव, वीरभद्र वर्मा, पीयूष सारवान, मुकेश यादव, राजेश गौड़ और करण सूर्यवंशी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उज्जैन में पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर आज से

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में 20 से 24 जून तक पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जबलपुर के प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल मरीजों की निःशुल्क जांच कर उन्हें स्वास्थ्य परामर्श देंगे। मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर वैद्य जायसवाल पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह शिविर मुख्य रूप से उन मरीजों के लिए है जो पुराने और असाध्य रोगों से लंबे समय से परेशान हैं और जिन्हें अन्य जगह लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिविर में बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने की विशेष सुविधा भी उपलब्ध है।

शिविर में लीवर, किडनी, पथरी, बवासीर, भगंदर, दमा, थायराइड, मिर्गी, माइग्रेन, साइटिका, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया वात और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के साथ ही चर्म रोग, सफेद दाग, मोटापा, गुप्त रोग और निःसंतानता का इलाज किया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं और बच्चों की स्मरण शक्ति व आंखों की रोशनी बढ़ाने की विशेष दवाएं भी दी जाएंगी।

# लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का समापन, भारतीय ज्ञान परंपरा पर किया मार्गदर्शन

## आसपास की घटनाओं के उदाहरण से जल्दी सीखते हैं विद्यार्थी

### विशेषज्ञों ने गतिविधि आधारित शिक्षण और भारतीय ज्ञान परंपरा पर किया मार्गदर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोहपूर्वक हुआ। अंतिम दिन विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, गतिविधि आधारित शिक्षण और भारतीय ज्ञान परंपरा से अवगत कराया। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के ओएसडी डॉ. भरत व्यास ने कहा कि विद्यार्थी अपने आसपास की घटनाओं और दैनिक जीवन के उदाहरणों से विषय को जल्दी और व्यवहारिक रूप से सीखते हैं।

समापन दिवस के प्रथम सत्र का शुभारंभ संगठन मंत्र एवं मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। संचालन ऋषिवंत तोमर ने किया। मंच पर समिति अध्यक्ष वरुण गुप्ता, उपाध्यक्ष आदित्य शास्त्री, सचिव अर्जुन कानड़ी, कोषाध्यक्ष नवनीत तोषनीवाल, न्यासी उल्लास वेद, योगेश मालवीय और मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव आसीन रहे। इस दौरान उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और बौद्धिक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

अगले सत्र में डॉ. भरत व्यास ने गतिविधि आधारित शिक्षण विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भौतिक विज्ञान के रोचक उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा को केवल सैद्धांतिक न रखकर व्यवहारिक बनाना चाहिए। सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए कक्षा में विद्यार्थियों का चैतन्य अवस्था में रहना आवश्यक है। इस सत्र में नवनीत तोषनीवाल, उल्लास वेद और गिरीश भालेराव उपस्थित रहे।

एक अन्य सत्र में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के उपाध्यक्ष अविनाश भटनागर ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। सत्र का संचालन मुकेश उमठ ने किया। भटनागर ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा कोई स्वतंत्र विषय नहीं है, बल्कि इसे सभी विषयों में शामिल किया जाना चाहिए। शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि श्रेष्ठ मानव का निर्माण करना है। उन्होंने गणित, चिकित्सा, कृषि, खगोल विज्ञान और दर्शन में भारत के योगदान को रेखांकित किया।

# बूथ कमेटियों को मजबूत कर हर परिस्थिति के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चुनाव के समय बूथ कमेटियां मजबूत होनी चाहिए और कार्यकर्ता हर तरह की परिस्थिति के लिए तैयार रहें। यह बात मध्य प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त ने शहर कांग्रेस संगठन की बैठक में कही। बैठक की शुरूआत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि शहर कांग्रेस पूरी ताकत से हर एक कार्यकर्ता के साथ जन समस्याओं की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तैयार है। बैठक में विधानसभा प्रभारी अमित शर्मा, उत्तर ब्लॉक प्रभारी अनिल गोस्वामी, दक्षिण ब्लॉक प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस दौरान शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों, पार्षदों, ब्लॉक अध्यक्षों और वार्ड अध्यक्षों ने शहर और वार्ड स्तर की समस्याओं पर अपने सुझाव रखे। बैठक में मुख्य रूप से जल संकट, सड़क चौड़ीकरण सहित अन्य स्थानीय मुद्दों पर मंथन किया गया।

संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर राजेश राणा, अशोक सारवान, धीरज यादव, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा, रहीम लाला, बबलू खींची, संचित शर्मा, चंद्रभान सिंह चंदेल, इरशाद चौधरी, पवन यादव, बंटी वसीम, इमरान खान, मुकेश सूर्यवंशी, दीनू बड़ोदिया, गब्बर कुवाल, छोटेलाल मंडलोई, राहुल लोट, देवेंद्र पाटनी, हिमांशु शुक्ल, भरत आंजना, भूरू गोड, गजेंद्र मारोठिया, रमेश सांखला, अर्पित यादव, जितेंद्र चौधरी, चेतन भाट, श्याम जटिया, अर्पण राठौर, सुरेश गहलोत, राजेश चौहान, सपना सांखला और सोनिया ठाकुर सहित सभी मंडलम अध्यक्ष उपस्थित थे।

### विश्व संगीत दिवस पर कालिदास अकादमी में सजेगा संगीत का महाकुंभ, 800 कलाकार देंगे प्रस्तुति

**उज्जैन।** विश्व संगीत दिवस के अवसर पर कालिदास अकादमी मंच पर 20 और 21 जून को संगीत का महाकुंभ आयोजित किया जाएगा। हारमोनियम बीट्स सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति के तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर की 70 संस्थाओं के 800 से अधिक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

इस आयोजन का मुख्य आकर्षण भारत की प्रख्यात और एकमात्र नल तरंग वादक ज्योति चौधरी होंगी। प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित ज्योति चौधरी को इस वर्ष कार्यक्रम में कला सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। इस दौरान वे मंच पर अपनी विशेष प्रस्तुति भी देंगी। इसके अलावा इस बार आयोजन में पुलिस बैंड की प्रस्तुति भी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। संस्था अध्यक्ष प्रीति दीक्षित ने बताया कि कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए उज्जैन में पिछले 10 वर्षों से यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है। कोरोना संकटकाल में भी संस्था ने इस परंपरा को कायम रखा था।

## पद्मभूषण पं. व्यास की 50वीं पुण्यतिथि पर 'पुष्पांजलि' में जुटेंगे देशभर के दिग्गज कलाकार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन को विक्रम विश्वविद्यालय, विक्रम कीर्ति मंदिर, अखिल भारतीय कालिदास समारोह और कालिदास अकादमी जैसी बड़ी संस्थाओं की सौगात देने वाले पद्मभूषण पंडित सूर्यनारायण व्यास की 50वीं पुण्यतिथि पर 22 जून को 'पुष्पांजलि' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कालिदास संस्कृत अकादमी में होने वाले इस आयोजन में स्थानीय हस्तियों के साथ ही मुंबई और दिल्ली के मशहूर अभिनेता व कलाकार भी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

आयोजन समिति के संयोजक शशांक दुबे ने बताया कि स्मृति समारोह में शामिल होने के लिए मुंबई से प्रख्यात अभिनेता, निमार्ता और निर्देशक देवेंद्र खंडेलवाल उज्जैन आ रहे हैं। वहीं, दिल्ली से दूरदर्शन के लोकप्रिय धारावाहिक 'हम लोग' के प्रसिद्ध अभिनेता अभिनव चतुर्वेदी भी विशेष रूप से पुष्पांजलि अर्पित करने उपस्थित रहेंगे।

समारोह में शहर और अंचल की कई प्रमुख हस्तियां भी पं. व्यास को याद करेंगी। इनमें पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित, डॉ. श्रीकृष्ण जोशी, डॉ. केदारनाथ शुक्ल, डॉ. केदारनारायण जोशी, डॉ शैलेंद्र कुमार शर्मा, शैलेंद्र शैली, आलोक त्यागी, डॉ. गोविंद गंधे, मयंक शुक्ल, कीर्ति राणा, डॉ. शिव चौरसिया, स्मिता नागदेव, विष्णु बैरागी और प्रो. शैलेंद्र पाराशर शामिल हैं।

# हसामपुरा के सरकारी स्कूल में यूआरटी-375 ने बनाए चार नए कक्ष, विद्यार्थियों को मिली सौगात

## 'फ्रीडम थ्रू एजुकेशन' संकल्प के तहत हुआ निर्माण, सुविधाओं से मिलेगा सैकड़ों बच्चों को लाभ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




ग्राम हसामपुरा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में उज्जैन राउंड टेबल-375 (यूआरटी-375) द्वारा 'फ्रीडम थ्रू एजुकेशन' संकल्प के तहत चार नवीन कक्षों का निर्माण किया गया है। इन कक्षों का लोकार्पण जिला शिक्षा अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य नितिन वर्मा और ग्राम सरपंच नरेंद्र सिंह चौधरी की उपस्थिति में किया गया। इस पहल से विद्यालय के सैकड़ों बच्चों को अध्ययन के लिए अब बेहतर और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा।

यह प्रोजेक्ट यूआरटी-375 के चेयरमैन सौमिल मित्तल की पहल और नेतृत्व में पूरा हुआ। लोकार्पण के अवसर पर सौमिल मित्तल ने कहा कि यह सिर्फ चार कक्षों का निर्माण नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य की मजबूत नींव है। शिक्षा के माध्यम से समाज में स्थायी बदलाव लाना ही राउंड टेबल इंडिया का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में राउंड टेबल इंडिया के नेशनल व एरिया हेड बोर्ड के सदस्य, नेशनल प्रोजेक्ट कन्वीनर सहित संस्था के पदाधिकारी और विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे।

इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूरा करने में पीएंडजी शिक्षा पहल का विशेष योगदान रहा। स्व. रणछोड़दास मित्तल की स्मृति में प्रदीप मित्तल ने भी आर्थिक सहयोग दिया। विद्यार्थियों के लिए टेबल और कुर्सियों की व्यवस्था रवि मित्तल द्वारा की गई, जिसके लिए उनका विशेष सम्मान किया गया। परियोजना की डिजाइन आर्किटेक्ट और टेब्लर शिवांश श्रीवास्तव ने तैयार की। वहीं, निर्माण सामग्री के सुरक्षित भंडारण के लिए स्थान उपलब्ध कराने पर हसामपुरा जैन तीर्थ का भी आभार व्यक्त किया गया।

सामाजिक उत्तरदायित्व की सराहना

कार्यक्रम में एचटी टेब्लर प्रशांत बजाज की उपस्थिति ने सदस्यों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही गौतम सेठिया के निरंतर समर्थन और योगदान को भी सराहा गया। नवीन कक्ष पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

### 101 श्रद्धालुओं का जत्था नाथद्वारा व सांवरिया सेठ की धार्मिक यात्रा पर रवाना

# वल्लभ वैष्णव मंडल का तीन दिवसीय आयोजन, वीर भूमि एक्सप्रेस से शुरू हुआ सफर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



वल्लभ वैष्णव मंडल के 101 सदस्य सपरिवार तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा पर नाथद्वारा एवं सांवरिया सेठ के लिए रवाना हुए हैं। मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में सभी श्रद्धालु शाम को वीर भूमि एक्सप्रेस से अपनी यात्रा पर निकले।

कार्यक्रम संयोजक दीपक राजवानी ने बताया कि श्रद्धालु प्रातः नाथद्वारा पहुंचकर मंगला आरती में शामिल होंगे। इसके पश्चात सभी का विश्राम खड़ायता धर्मशाला में होगा और दोपहर को राजभोग के दर्शन किए जाएंगे। नाथद्वारा में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन प्रातः कांकरोली होते हुए श्रद्धालु सांवरिया सेठ के दर्शन करेंगे।

दर्शन के उपरांत सभी सदस्य रात्रि में चित्तौड़गढ़ से रवाना होंगे और सोमवार को 5 बजे भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन लौटेंगे। इस धार्मिक यात्रा की व्यवस्थाओं और सफल संचालन में कार्यक्रम के सहसंयोजक योगेश नीमा सहित मंडल पदाधिकारी जयेश श्रॉफ, आनंद पुरोहित, अमित खघारिया, रविंद्र मूले, विजय शाह, पवन त्रिपाठी, दीपेश शाह, बालकृष्ण नीमा एवं विजय जोशी की सराहनीय भूमिका रही।

# निरोगी तन के संकल्प के साथ योग दिवस मनाएगा संत निरंकारी मिशन

### 21 जून को देशभर के 1500 से अधिक केंद्रों पर एक साथ होंगे आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन द्वारा ह्यनिरोगी तन, निर्मल मन और जागृत आत्माह्ल के संकल्प के साथ रविवार 21 जून को विशाल योग और आध्यात्मिक चेतना अभियान आयोजित किया जाएगा। इसके तहत सुबह 6 बजे से भारतवर्ष के 1500 से अधिक केंद्रों पर एक साथ योग सत्र होंगे। स्थानीय योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले मैदानों और पार्कों में होने वाले इन आयोजनों में श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक और आम नागरिक उत्साहपूर्वक सहभागिता करेंगे।

संत निरंकारी मिशन उज्जैन जोन 25 के मुखी त्रिलोक बेलानी ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान मानव कल्याण, समग्र स्वास्थ्य और आत्मिक उत्थान की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। सतगुरु माता का 'स्वस्थ मन, सहज जीवन' का संदेश यह प्रतिपादित करता है कि जीवन की वास्तविक समृद्धि केवल शारीरिक स्वास्थ्य में नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक जागरूकता में निहित है। मानव शरीर परमात्मा की अनुपम देन है, जिसकी देखभाल व्यक्ति को अपने मानवीय उत्तरदायित्वों का श्रेष्ठ निर्वहन करने में सक्षम बनाती है।

### योग की थीम पर जागरूकता

इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' घोषित की गई है। संत निरंकारी मिशन इसी दृष्टिकोण को अपनाते हुए योग को जीवन में संतुलन और आत्मबोध का प्रभावी माध्यम मानकर समाज में जागरूकता फैला रहा है।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि वर्ष 2015 से फाउंडेशन द्वारा योग दिवस का यह राष्ट्रव्यापी अभियान नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।

### भाजपा नेता सुरेंद्र सांखला ने प्रशासन से की सभी श्रद्धालुओं के लिए सुलभ और समान व्यवस्था बनाने की मांग

# भगवान और भक्त के बीच पैसा ठीक नहीं, काल भैरव मंदिर में 500 रुपए लेकर वीआईपी दर्शन कराने का विरोध

### आय के बजाय सुविधाओं पर ध्यान दे प्रशासन

### पार्किंग तय हो और अतिक्रमण हटे

### प्राचीन मंदिरों में सुलभ दर्शन की व्यवस्था संभव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




धार्मिक नगरी के प्रमुख मंदिरों में दर्शनार्थियों के लिए सुलभ और समान व्यवस्था की मांग उठने लगी है। भाजपा नेता सुरेंद्र सांखला ने काल भैरव मंदिर में 500 रुपए लेकर दर्शन कराने की व्यवस्था का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि भगवान और भक्त के बीच रुपए देकर दर्शन कराना उचित नहीं है। धनवानों और आम भक्तों के लिए अलग-अलग कतार लगाना समानता के सिद्धांत के खिलाफ है। राजा और रंक सभी बराबर हैं, इसलिए इस तरह की वीआईपी दर्शन प्रथा को तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

सांखला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जिला प्रशासन को व्यवस्था सुधारने का अधिकार दिया है, लेकिन वर्तमान में इसका दुरुपयोग हो रहा है। प्रशासन का मुख्य ध्यान मंदिरों से होने वाली आय की बजाय श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर होना चाहिए। काल भैरव मंदिर में महाकालेश्वर जैसी व्यवस्थाएं लागू नहीं की जा सकतीं। दर्शन व्यवस्था में बाधा बन रही दान पेटियों को भी हटाया जाना चाहिए। महाकाल आने वाले 90 प्रतिशत श्रद्धालु मंगलनाथ, सिद्धनाथ, श्री काल भैरव, भरथरी गुफा और गढ़ कालिका जैसे प्राचीन व पुरातात्विक महत्व के मंदिरों में भी जाते हैं। इनके गर्भगृह छोटे होने के बावजूद सुलभ दर्शन की व्यवस्था बनाई जा सकती है, लेकिन कुछ नासमझ लोग व्यवस्था बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। यातायात और पार्किंग की समस्या पर उन्होंने सुझाव दिया कि आसपास के किसानों से चर्चा कर पार्किंग व्यवस्था सुधारी जा सकती है। जिला प्रशासन पार्किंग शुल्क तय कर एडवाइजरी जारी करे और मंदिरों के आसपास पसरे अनावश्यक अतिक्रमण को तत्काल हटाए। वर्षा काल को देखते हुए पेयजल, प्रकाश और छाया की सुलभ व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है। भाजपा सरकार द्वारा उज्जैन में धार्मिक वातावरण बनाए रखने के लिए मुख्य मार्गों पर मांस-मदिरा पर प्रतिबंध के निर्णय का स्वागत करते हुए सांखला ने कहा कि कई जगहों पर अभी भी इस कानून का उल्लंघन हो रहा है। शहर के आसपास अवैध डायरियां बनाकर शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, जिस पर प्रशासन को तुरंत सख्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंध लगाना चाहिए।

# बाग वाले हनुमान मंदिर में सभा मंडप का निर्माण अटका, आक्रोशित भक्तों ने सौंपा ज्ञापन

### 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत और कायार्देश जारी होने के बाद भी शुरू नहीं हुआ काम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

17वीं सदी के प्राचीन श्री बाग वाले हनुमान मंदिर में प्रस्तावित सभा मंडप का निर्माण कार्य रुकने से श्रद्धालुओं में गहरा रोष है। शासन द्वारा लाखों रुपये की राशि स्वीकृत होने और नगर निगम की ओर से कायार्देश जारी होने के बावजूद निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। इसके विरोध में शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में एकत्रित होकर नाराजगी जताई और मौके पर पहुंचे महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

भक्त मंडल के अनुसार, उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा की अनुशंसा पर शासन ने मंदिर में सभा मंडप निर्माण के लिए 10 लाख 83 हजार 864 रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसके बाद नगर निगम उज्जैन ने निर्माण कार्य के लिए विधिवत कायार्देश भी जारी कर दिया है। समिति का आरोप है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा निर्माण में लगातार बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं, जिससे सरकारी योजना अधर में लटक गई है। समिति ने दावा किया है कि संबंधित भूमि को लेकर पूर्व में भी प्रशासनिक और न्यायिक कार्यवाहियां हो चुकी हैं।

जनहित याचिका दायर करने की चेतावनी

समिति सचिव मनीष सिंह चौहान ने कहा कि यह मंदिर सैकड़ों वर्षों से लोगों की आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है। जब प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, तब निर्माण में किसी भी प्रकार की बाधा उचित नहीं है। क्षेत्रीय पार्षद लीला वर्मा ने भी इसे हजारों श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा मुद्दा बताते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में मांग की है कि बाधा डालने वालों पर वैधानिक कार्रवाई कर निर्माण तत्काल शुरू कराया जाए। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जाएगी।

### इनकी रही उपस्थिति

ज्ञापन सौंपने के दौरान समिति सचिव मनीष सिंह चौहान, क्षेत्रीय पार्षद लीला वर्मा, उपाध्यक्ष फूलचंद जरिया, भैयालाल माली, सत्य माली, बुलबुल जायसवाल, प्रदीप गुरु, सोनू जायसवाल, राजकुमार झंझोट, अज्जू माली, राहुल माली, आयुष माली, भारत चौधरी, नाना चौधरी, राहुल चौधरी, रवि माली, देवराज माली, कनक माली, मोहन माली, सूरज चौधरी, प्रतीक चौधरी, संजय परमार, अंकित जोशी, संजू लखरे, मनीषा उर्फ माही राजपूत और युवराज सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

धनिकः श्रोत्रियो राजा नदी वैद्यस्तु पञ्चमः।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न तत्र दिवसे वसेत॥

**अर्थः** जहां कोई सेठ, वेदपाठी विद्वान, राजा और वैद्य न हो, जहां कोई नदी न हो, इन पांच स्थानों पर एक दिन भी नहीं रहना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### गैस टंकी चोर गिरोह पकड़ाया, 4 चोरों से तीन दर्जन टंकियां बरामद

**इंदौर।** तेजाजीनगर पुलिस ने गैस टंकियां और अन्य सामान चोरी करने वाले एक शातिर चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 34 घरेलू गैस टंकियां, छह भारी वाहनों की बैटरियां और चोरी की वारदातों में इस्तेमाल किए गए दो पहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह लंबे समय से सुनसान मकानों, फार्म हाउसों और निमार्णाधीन स्थलों को निशाना बना रहा था। मामले का खुलासा 10 जून 2026 को माउंट बर्ग कॉलोनी स्थित डॉ. लाहोटी के फार्म हाउस से गैस टंकियां चोरी होने की शिकायत के बाद हुई जांच में हुआ। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची और उनसे पूछताछ में कई चोरियों का खुलासा हुआ। डीसीपी नरेंद्र रावत के अनुसार, 10 जून 2026 को माउंट बर्ग कॉलोनी स्थित डॉ. लाहोटी के फार्म हाउस से गैस टंकियां चोरी होने की शिकायत फरियादी कमलेश मीणा ने दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद तेजाजीनगर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में चार संदिग्ध दिखाई दिए, जिनके आधार पर पुलिस ने उनकी पहचान कर हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 34 घरेलू गैस टंकियां, छह बड़े वाहनों की बैटरियां तथा वारदात में प्रयुक्त दो पहिया वाहन बरामद किए हैं।

### बैंक के कब्जे वाले फ्लैट का ताला तोड़कर घुसे, होटल संचालक पूजा पथिक समेत तीन पर एफआईआर

**इंदौर।** लसूड़िया क्षेत्र में केनरा बैंक के वैध कब्जे वाली गिरवी संपत्ति में कथित रूप से ताला तोड़कर प्रवेश करने और सुरक्षा कर्मचारियों को धमकाने के मामले में पुलिस ने होटल संचालक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मामला तलावली चांदा स्थित अंसल टाउनशिप के पाइन टॉवर के फ्लैट नंबर-403 से जुड़ा है। केनरा बैंक की ओर से महाप्रबंधक अतिंदर नाथ चक्रवर्ती द्वारा दी गई शिकायत के मुताबिक, उक्त फ्लैट बैंक के पास गिरवी रखा गया था। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दंडाधिकारी के आदेश तथा तहसीलदार द्वारा जारी कब्जा वारंट के आधार पर 22 जनवरी 2026 को संपत्ति का वैध कब्जा केनरा बैंक को सौंपा गया था। आरोप है कि उसी दिन रात करीब 9 बजे ऋणकर्ता पूजा पथिक, उनके पुत्र अरमान पथिक तथा सहयोगी सुधीर सिंह ने फ्लैट का ताला तोड़कर उसमें प्रवेश कर लिया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपियों ने मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्डों के साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें धमकाया। पूजा पथिक ब्लू मून होटल की संचालक हैं, जबकि अरमान पथिक उनके पुत्र हैं। केनरा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यह कृत्य न्यायालय और प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना करते हुए संपत्ति पर अवैध कब्जा करने की मंशा से किया गया।

### अस्पताल में महिला डॉक्टर के कमरे में घुसे छेड़छाड़

**इंदौर।** विजय नगर इलाके में स्थित एक नामी अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल में हाउसकीपिंग का काम करने वाले कर्मचारी ने रेस्ट रूम में घुसकर महिला डॉक्टर के साथ गलत हरकत की। गुरुवार को 30 वर्षीय महिला डॉक्टर की शिकायत के बाद विजय नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि वह अलसुबह अस्पताल के रेस्ट रूम में आराम कर रही थीं। इसी दौरान निलेश रायकवार बिना आवाज किए अचानक कमरे के अंदर आ गया। जब महिला डॉक्टर ने उससे बिना अनुमति अंदर आने का कारण पूछा तो आरोपी ने उनका एक हाथ पकड़ लिया और दूसरे हाथ से मुंह दबाने की कोशिश की। महिला डॉक्टर ने विरोध करते हुए आरोपी को धक्का दिया और चिल्लाते हुए कमरे से बाहर भागीं। आवाज सुनकर अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुका था।

### मां बोली-प्रेमिका शादी से मुकरी तो बेटे ने दी जान

**इंदौर।** सराफा थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक अमन मालाकार की आत्महत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। अमन की मौत के बाद उसके परिजनों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। परिवार का आरोप है कि एक युवती और उसके परिजनों की प्रताड़ना से परेशान होकर अमन ने आत्मघाती कदम उठाया। जानकारी के अनुसार नलिया बाखल निवासी अमन मालाकार ने 7 जून को जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अब उसकी मां संगीता मालाकार और अन्य परिजनों ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि अमन का पिछले करीब दो सालों से इलाके की एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे और इस बात की जानकारी दोनों परिवारों को भी थी। परिजनों का आरोप है कि बाद में युवती ने कहीं और शादी करने की बात कही, जिससे अमन मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। अमन की मौत के बाद उसके मोबाइल फोन की जांच में युवती के साथ हुई चैटिंग भी मिली है। परिवार का दावा है कि चैट में शादी को लेकर दोनों के बीच बातचीत हुई थी और इसी कारण अमन तनाव में था।

इंदौर में प्रदेश में पहली बार जिप्प फ्यूल नाम से डीजल की होम डिलीवरी सेवा शुरू की गई

# अब घर बैठे मंगाइए डीजल, व्हाट्सएप मैसेज से होगा उपलब्ध

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में प्रदेश में पहली बार जिप्प फ्यूल नाम से डीजल की होम डिलीवरी सेवा शुरू की गई है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के डीलर ने पलसीकर कॉलोनी स्थित पेट्रो फिलिंग स्टेशन से यह पहल शुरू की है। इसके तहत उपभोक्ता अब घर या कार्यस्थल से ही डीजल मंगा सकेंगे।

इंदौर पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और पेट्रो फिलिंग स्टेशन के संचालक राजेंद्र सिंह वासु ने बताया कि इस सेवा का औपचारिक शुभारंभ 19 जून को किया गया है। इसके तहत ग्राहकों को डीजल पीईएसओ (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) द्वारा अनुमोदित सुरक्षा कैन में सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। यह डीजल के परिवहन और स्टोरेज संबंधी सरकारी मानकों के अनुरूप हैं।






हाल ही में डीजल वितरण के नियमों को सख्ती से लागू किए जाने के बाद केवल अनुमोदित कंटेनरों में ही डीजल देने की व्यवस्था लागू हुई थी। इसके चलते जनरेटर, कृषि उपकरण, निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली मशीनों और औद्योगिक जरूरतों के लिए डीजल लेने वाले कई उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वासु ने बताया कि इसी समस्या के समाधान के लिए यह सेवा शुरू की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को सुरक्षित और नियमानुसार डीजल उपलब्ध कराया जा सके। उनका दावा है कि यह इंदौर ही नहीं बल्कि प्रदेश की पहली जिप्प फ्यूल सेवा है।

### वाट्सएप नंबर से ग्राहक करेंगे ऑर्डर

- इस सेवा का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को वाट्सएप नंबर 8839818718 पर उपलब्ध ऑटोमैटिक व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से ऑर्डर करना होगा।
- चैटबॉट ग्राहकों को डीजल की मात्रा, डिलीवरी का पता, पसंदीदा समय और भुगतान विकल्प चुनने की सुविधा देगा।
- **चार घंटे में डिलीवरी का दावा-** शुरूआती चरण में यह सेवा इंदौर शहर के अधिकांश क्षेत्रों में उपलब्ध रहेगी। मांग और दूरी के आधार पर ग्राहकों को अधिकतम चार घंटे में डीजल की आपूर्ति करने का लक्ष्य रखा गया है।
- **माप और सुरक्षा का विशेष ध्यान-** प्रत्येक डिलीवरी वाहन में प्रमाणित माप उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें पांच लीटर क्षमता का कैलिब्रेटेड माप यंत्र भी शामिल है। इससे ग्राहकों को ऑर्डर की गई डीजल की सटीक मात्रा मिलने की गारंटी रहेगी। वासु का कहना है कि यह पहल भविष्य में शहरी क्षेत्रों में डीजल वितरण का नया मॉडल साबित हो सकती है, जहां सुविधाजनक सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है।

# भागीरथपुरा दूषित पानी कांडः जांच रिपोर्ट फिर टली


## 36 मौतों के मामले में जांच आयोग को मिली और मोहलत, अगली सुनवाई 20 जुलाई को होगी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड में 36 लोगों की मौतों की जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है। मामले में गठित जांच आयोग शुक्रवार को भी अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत नहीं कर पाया। आयोग ने जांच पूरी नहीं होने का हवाला दिया। इसके बाद मामले की अगली सुनवाई 20 जुलाई को तय की गई है।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोके अजय बागडिया, अधिवक्ता सैली पुरंदरे सहित अन्य वकील उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान जांच आयोग को अपनी रिपोर्ट पेश करनी थी, लेकिन आयोग ने बताया कि जांच प्रक्रिया अभी पूर्ण नहीं हो पाई है।

इसी दौरान नगर निगम के अपर कमिश्नर रोहित सिसोनिया और जल कार्य समिति प्रभारी बबलू शर्मा की ओर से याचिका में से उनके नाम हटाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।



**हाईकोर्ट ने जनवरी में गठित की थी जांच समिति-** गौरतलब है कि भागीरथपुरा दूषित पानी कांड को लेकर दायर विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 29 जनवरी को सेवानिवृत्त जस्टिस सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। समिति को प्रारंभिक रूप से चार सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन जांच पूरी नहीं होने के कारण समय-सीमा कई बार बढ़ाई जा चुकी है।

बाद में समिति ने विस्तृत जांच के लिए छह माह का अतिरिक्त समय मांगा था। हालांकि कोर्ट ने समर वेकेशन तक का समय देते हुए 14 जून तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, लेकिन निर्धारित समय-सीमा के बावजूद रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी। शुक्रवार को हुई सुनवाई में एक बार फिर समय बढ़ाने का अनुरोध किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने अगली सुनवाई 20 जुलाई तय की है।

### 36 लोगों की मौत से मचा था हड़कंप

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष दिसंबर में भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के सेवन से 36 लोगों की मौत हो गई थी। इस दर्दनाक घटना ने पूरे शहर को झकझोर दिया था और इसके बाद प्रशासनिक लापरवाही तथा जिम्मेदारी तय करने को लेकर कई जनहित याचिकाएं हाईकोर्ट में दायर की गई थीं।

### इन अहम बिंदुओं पर हो रही है जांच

हाईकोर्ट ने जांच समिति को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की पड़ताल करने के निर्देश दिए हैं। इनमें दूषित पानी की वास्तविक वजह का पता लगाना, पानी में किसी रासायनिक तत्व या अन्य प्रदूषक की मौजूदगी की जांच, घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करना तथा पीड़ित परिवारों को दिए जाने वाले उचित मुआवजे का निर्धारण शामिल है।

# इंदौर के पालदा में पानी को लेकर चक्का जाम



**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में लगातार गहराते जल संकट के बीच शुक्रवार को पालदा इलाके में पानी की किल्लत को लेकर रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और महिलाएं सड़क पर उतर आए और चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। करीब 50 से अधिक लोग सड़क पर बैठ गए और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नियमित जल सप्लाई की मांग उठाई।

प्रदर्शन के चलते इलाके में कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी और करीब आधे घंटे बाद लोगों को सड़क से हटाया गया।

**घरों में नहीं पहुंच रहा पर्याप्त पानी-** स्थानीय लोगों का कहना है कि पालदा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पानी की सप्लाई बाधित है। कई घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। खासतौर पर महिलाओं को पानी भरने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है।

# 5 माह से नहीं मिला स्टाइपेंड, एबीवीपी का प्रदर्शन

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

गवर्नमेंट एग्रीकल्चर कॉलेज के विद्यार्थियों की समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदौर महानगर ने शुक्रवार को डीन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। परिषद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए महाविद्यालय प्रशासन को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

ज्ञापन में वर्ष 2025-26 के रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मिलने वाले स्टाइपेंड के भुगतान में हो रही देरी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। परिषद का कहना है कि पांच माह बीत जाने के बावजूद छात्रों को स्टाइपेंड नहीं मिला है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**प्लेसमेंट सेल और कैरियर काउंसलिंग की मांग-** परिषद ने कॉलेड में प्लेसमेंट सेल की स्थापना, नियमित करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित करने और विभिन्न विषयों में रिक्त पड़े पदों को जल्द भरने की मांग की। साथ ही प्रयोगशालाओं में आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने और कृषि आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं शुरू करने की भी मांग रखी गई।



कृषि कॉलेज में मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा; समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

**हॉस्टल, खेल और अन्य सुविधाओं पर जोर-** ज्ञापन में छात्र-छात्राओं के लिए खेल मैदान, जिम, पुस्तकालय, वाई-फाई, स्वच्छ पेयजल, कैंटीन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की मांग भी शामिल है। इसके अलावा चिकित्सा सहायता, छात्रवृत्ति संबंधी समस्याओं के समाधान और छात्र हितों से जुड़े अन्य मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया।

**समयबद्ध कार्रवाई की मांग-** एबीवीपी ने कॉलेज प्रशासन से मांगों के निराकरण के लिए समयबद्ध कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई है। परिषद पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि विद्यार्थियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो छात्र हितों की रक्षा के लिए आगे और व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इंदौर रचेगा इतिहास

## 25 हजार लोग होंगे शामिल, 10 हजार से अधिक साधक करेंगे सामूहिक भ्रामरी प्राणायाम

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष इंदौर में योग का भव्य महाकुंभ आयोजित होने जा रहा है। नगर निगम इंदौर के 'योगमित्र अभियान' के तहत 21 जून को गोपूर चौराहा पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में करीब 25 हजार लोगों की सहभागिता का लक्ष्य रखा है। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग निर्धारित की गई है।

मुख्य आयोजन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक होगा, जिसमें शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा योगासनों की भक्तिमय एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके बाद सुबह 7 बजे पूरे देश में निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा।





मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि योग सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक राकेश चौधरी और इंदौर की बेटी एवं मिसेज इंडिया-2023 चेतना जोशी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर की 70 से अधिक योग संस्थाएं, खेल संगठन, 150 से अधिक सामाजिक संस्थाएं तथा हजारों नागरिक शामिल होंगे।

**भ्रामरी प्राणायाम से बनेगा विश्व रिकॉर्ड-** इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण विश्व कीर्तिमान बनाने का प्रयास होगा। इसके तहत 10 हजार से अधिक योग साधक एक साथ भ्रामरी प्राणायाम कर नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास करेंगे। नगर निगम को उम्मीद है कि यह आयोजन इंदौर को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाएगा।

**योग गुरुओं का होगा सम्मान-** योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ योगाचार्यों, योग खिलाड़ियों और योग प्रचारकों को योग अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन लोगों को समर्पित होगा जिन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### योगमित्र वेबसाइट का भी होगा लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान योगमित्र अभियान की अधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ भी किया जाएगा। इस वेबसाइट के माध्यम से नागरिकों को शहर की सभी योगशालाओं, योग प्रशिक्षकों और योग गतिविधियों की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध हो सकेगी।

नगर निगम ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर योग को जनआंदोलन बनाने और इंदौर को विश्व कीर्तिमान स्थापित करने में सहभागी बनने की अपील की है।

इंदौर शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था और बढ़ते ट्रैफिक दबाव को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया

# 36 ऑटोमेटेड सिग्नल जल्द चालू करें, ट्रैफिक सुधार के लिए एनसीसी कैडेट्स की मदद लें

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था और बढ़ते ट्रैफिक दबाव को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने नगर निगम और राज्य शासन को निर्देश दिए हैं कि शहर में ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए तत्काल प्रभाव से अंतरिम व्यवस्थाएं लागू की जाएं तथा 36 आटोमैटिक ट्रैफिक सिग्नलों को जल्द से जल्द पूर्ण रूप से चालू किया जाए।

शुक्रवार को जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डबल बेंच के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता संस्था राजलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से सीनियर एडवोकेट अजय बागडिया और सीनियर शिरीन सिलावट ने कोर्ट का ध्यान 7 मई को पारित आदेश की ओर आकर्षित किया। उस आदेश में राज्य शासन और यातायात विभाग को पर्याप्त ट्रैफिक बल उपलब्ध होने तक स्वयंसेवकों की सहायता से यातायात संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे।



**नागरिकों से भी मांगे सुझाव-** कोर्ट ने यह भी कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नागरिक, सामाजिक संगठन और अन्य हितधारक अपने सुझाव संबंधित समितियों को दे सकते हैं। इन सुझावों पर नोडल अधिकारी के माध्यम से विचार किया जाएगा और आवश्यक होने पर उन्हें संबंधित समितियों के समक्ष रखा जाएगा।

**6 जुलाई को पेश होगी स्थिति रिपोर्ट-** मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को निर्धारित की गई है। उस दिन नगर निगम, बीआरटीएस हटाओ समिति और ट्रैफिक रेगुलेटरी कमेटी को अदालत के समक्ष अपनी ताजा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

### स्काउट्स के साथ एनसीसी कैडेट्स भी संभाल सकते हैं ट्रैफिक

सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने कोर्ट को बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था के संचालन के लिए स्काउट्स सहित अन्य स्वयंसेवकों की सेवाएं लेने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि स्वयंसेवकों की श्रेणी में उपलब्धता की स्थिति में एनसीसी कैडेट्स को भी शामिल किया जा सकता है। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में यातायात प्रबंधन को सुचारु बनाने के लिए ऐसी अंतरिम व्यवस्थाओं को शीघ्र लागू किया जाए।

### ट्रैफिक सिग्नल होंगे पूरी तरह कार्यशील

- सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ट्रैफिक सिग्नलों के ऑटोमेशन की प्रगति की भी समीक्षा की। नगर निगम और नियुक्त नोडल अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि कई प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नलों को स्वचालित किया जा चुका है। कुछ नए ऑटोमेटेड सिग्नल भी शुरू किए गए हैं।
- इस पर हाईकोर्ट ने उम्मीद जताई कि अगली सुनवाई से पहले नगर निगम आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शहर के 36 ऑटोमैटेड ट्रैफिक सिग्नलों को पूर्ण रूप से कार्यशील बना देगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन व्यवस्था शहर में यातायात सुगमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# मप्र में कैंसर की दवाएं 50% तक महंगी, एक कीमो का खर्च 2-3 हजार रुपए ज्यादा; प्लेटिनम बेस्ड मेडिसिन अब भी बाजार से गायब

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में अब कैंसर मरीजों के इलाज का खर्च 50 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इससे एक कीमो का खर्च 2 से 3 हजार रुपए ज्यादा लगेगा। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के इलाज में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली दो प्रमुख कीमोथेरेपी दवाओं कार्बोप्लाटिन और सिस्प्लाटिन के दाम बढ़ा दिए हैं।

एक्सपर्ट की माने तो यह दोनों दवाएं ओवरी, फेफड़े, स्तन, सिर-गर्दन समेत कई प्रकार के कैंसर के इलाज में उपयोग होती हैं। कई मरीजों को 4 से 6 या उससे अधिक कीमो साइकिल लगती हैं, ऐसे में पूरे इलाज पर हजारों रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

हालांकि, कंपनियों ने दवाओं का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है, लेकिन करीब एक महीने मांग अनुरूप सप्लाई करने में लगेगा। दूसरी ओर, शहर के कैंसर अस्पतालों में कीमो की दवाएं पूरी तरह खत्म हो चुकी हैं। युद्ध के चलते सप्लाई चैन बाधित हुई थी। घाटे के चलते दवा कंपनियों ने प्रोडक्शन पूरी तरह बंद कर दिया था। पेट्रोल-डीजल और क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतों से जुड़ी खबरें इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं, लेकिन अमेरिका-ईरान संघर्ष का असर अब सिर्फ तेल बाजार तक सीमित नहीं रहा। इसने भारत में कैंसर के इलाज को भी मुश्किल बना दिया है। स्थिति ऐसी है कि कैंसर के 7 प्रमुख प्रकारों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली जरूरी दवाओं की कमी से हर 100 में से करीब 70 मरीज प्रभावित हो सकते हैं। केंद्र सरकार ने कैंसर के इलाज में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली दो महत्वपूर्ण कीमोथेरेपी दवाओं सिस्प्लैटिन और कार्बोप्लैटिन की कीमत बढ़ाने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। देशभर में इन दवाओं की कमी और बढ़ती उत्पादन लागत को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। शुक्रवार को इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी हो गई। फार्मा कंपनियों की मांग और उत्पादन लागत के आकलन के बाद सरकार ने कीमतों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।



## अब डॉक्टरों का इलाज के तरीकों में बदलाव पर फोकस

दवाओं की कीमतें बढ़ने और इनकी कमी की बात विशेषज्ञ पहले ही कह चुके हैं। हाल ही में भास्कर से चर्चा में मुंबई स्थित कामा और एल्ब्लेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तुषार पाल्वे ने बताया था कि प्लैटिनम-बेस्ड कीमोथेरेपी दवाओं की भारी कमी से कैंसर के मरीजों के इलाज पर असर पड़ रहा है।सिस्प्लैटिन, कार्बोप्लैटिन और ऑक्सालिप्लैटिन जैसी जरूरी दवाओं की सप्लाई में रुकावट के कारण डॉक्टरों को इलाज के स्टैंडर्ड तरीकों में बदलाव करना पड़ रहा है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों पर भी इस कमी का असर पड़ा है। हालांकि, प्लैटिनम वाली दवाओं की कमी तो है, लेकिन दूसरी कीमोथेरेपी दवाएं मिल रही हैं। इसलिए, भले ही सभी इलाज पूरी तरह से बंद नहीं हुए हैं, लेकिन इससे कुछ खास मरीजों के इलाज पर असर पड़ रहा है। घरेलू दवा कंपनियों को भी इन दवाओं की सप्लाई बढ़ानी चाहिए, ताकि कमी खत्म हो और मरीजों के इलाज में आने वाली रुकावटें कम हों।

## खबर एक नजर...



### मत्स्याखेट प्रतिबंधित... मछुआरों ने नावों को उलटा रखा

**खंडवा।** प्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया है। इस दौरान मत्स्याखेट प्रतिबंध किया है। इंदिरा सागर जलाशय के फिश पाइंटों के पास किनारे पर मछुआरों ने नावों को उलटा रख दिया है। लहरों पर तैरने वाली ये नावें उलटी पड़ी होने पर लोगों को आकर्षित कर रही हैं। मत्स्य महासंघ के क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने बताया कि प्रतिबंधित अवधि में मत्स्याखेट करने पर 1 वर्ष का कारावास और 5 हजार रुपए जुमार्ने की सजा हो सकती है।

### मुरैना में हथियार तस्करी करने आया युवक गिरफ्तार, दो कट्टे और कारतूस बरामद

**मुरैना।** बागचीनी पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी करने आया एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने दो कट्टे और दो कारतूस बरामद किए है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उससे अवैध हथियार कहां से लाया और किसको बेचने वाला था इसकी पूछताछ में जुट गई है। बागचीनी पुलिस के द्वारा अवैध हथियार बेचने पहुंचा आरोपी बबलू कुशवाह को तातिया पुरा मोड़ गांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी उक्त स्थान पर कट्टे बेचने के लिए एक युवक आया है । पुलिस ने घेराबंदी कर उक्त हुलिए के युवक को पकड़ा और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से दो अवैध कट्टे और दो कारतूस बरामद हुए एक मोबाइल जब्त किया गया है आरोपी कट्टों को बेचने लाया था उससे पहले पुलिस के हत्थे चढ़ गया।पुलिस अब आरोपी से हथियार तस्करी की जांच में जुट गई है। बागचीनी थाना प्रभारी टीआई शशिकुमार के अनुसार अवैध कट्टे बेचने एक आरोपी आया हुआ था उसे गिरफ्तार किया है एक कट्टा 5 से 10 हजार रुपए का बिकता है। इस हथियार तस्करी की जड़ों तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे है आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### रोजाना 14.60 लाख का कलेक्शन, फिर भी बीमा नहीं

**जयपुर।** आम लोगों के सफर के सबसे भरोसेमंद राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) की बसों में यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। रोडवेज प्रबंधन हर यात्री से टिकट पर 2 रुपए बीमा मद के नाम पर वसूलता है, लेकिन हकीकत यह है कि उदयपुर डिपो की 82 सहित प्रदेशभर में 4 हजार से ज्यादा बसें बिना बीमा के ही सड़कों पर दौड़ रही हैं। रोडवेज के अपने आंकड़ों के अनुसार इन बसों में रोज करीब 7.31 लाख यात्री सफर करते हैं। इस लिहाज से निगम की झोली में यात्रियों से रोज लगभग 14.60 लाख रुपए सिर्फ बीमा मद के आते हैं। इसके बावजूद बसों का सामान्य बीमा नहीं कराया जा रहा। अधिकारियों का तर्क है कि सरकारी महकमा होने के कारण थर्ड पार्टी बीमा मॉडल (स्वयं का विशेष फंड) अपनाया गया है। बिना बीमा दौड़ रही बसों के साथ-साथ निगम टैक्स चुकाने में भी लापरवाही बरत रहा है। आगार डिपो में खड़ी बस (आरजे 29 पीए 2385) का टैक्स पिछले साल जुलाई तक ही जमा है। इसी तरह एक अन्य बस (आरजे 27 पीबी 2445) का टैक्स इस साल 30 अप्रैल तक ही भरा गया है। प्रत्येक बस पर सालाना 50 से 60 हजार रुपए टैक्स परिवहन विभाग को देय होता है, लेकिन रोडवेज की ऐसी कई बसें हैं जो बिना टैक्स चुकाए धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं।

### खान सर की गिरफ्तारी पर फिर लगी रोक

**पटना।** पटना में खान ग्लोबल स्टडीज के डायरेक्टर फैजल खान उर्फ खान सर की गिरफ्तारी पर कोर्ट के अगले आदेश तक रोक रहेगी। यह आदेश पटना सिविल कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई के दौरान दिया। अगली सुनवाई 25 जून (गुरुवार) को होगी। इसके अलावा खान सर के 3 स्टाफ को भी कोर्ट से नो कोर्सिव मिला है। मतलब अगले आदेश तक उनपर भी कोई कार्रवाई नहीं होगी। सुनवाई के दौरान पुलिस ने अपडेट केस डायरी कोर्ट में पेश की।

वहीं, खान सर के दोनों बॉडीगार्ड की जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई। कोर्ट ने 25 जून दोनों गाड्र्स को न्यायिक हिरासत में रखने के आदेश दिए हैं। गाड्र्स की जमानत याचिका पर 25 जून को ही सुनवाई होगी।

बीते दिन खान सर की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध कर रहे पक्ष के अधिवक्ता निरंजन कुमार का बयान सामने आया था। उन्होंने कहा था, ₹कानूनी पहलुओं से अवगत कराने के बावजूद भी कदमकुआं थाने में रौशन आनंद के आवेदन पर अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, जबकि पूरी साजिश खान ग्लोबल स्टडीज से रची गई है।₹ उन्होंने आगे कहा था, ₹रौशन आनंद के भाई प्रिंस के साथ भी पूरी साजिश की गई। इसके बावजूद भी कथित तौर पर दबाव के कारण एफआईआर दर्ज नहीं हुई। हम लोग एफआईआर दर्ज कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। अपनी तैयारी को लेकर निरंजन कुमार ने कहा था, हम संबंधित प्राधिकारियों से मिलकर उन्हें प्रतिनिधित्व (रिप्रेजेंटेशन) दे रहे हैं और कानूनी तथ्यों से अवगत करा रहे हैं। जिस तरह जेल के अंदर रौशन आनंद पर हमला करने का प्रयास किया गया और उनके भाई के साथ आपराधिक कृत्य हुआ, उससे जुड़े सभी तथ्य हमारे सामने हैं।

# मप्र में 44% बारिश कम, 45 जिले पिछड़ेःइंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर में भी सूखा; मानसून की एंट्री 25 तक

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

इस बार मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून 8 से 10 दिन लेट हो सकता है। मौसम केंद्र ने प्रदेश में 25 जून तक मानसून की एंट्री का अनुमान जताया है। इससे पहले प्री-मानसून की एक्टिविटी जारी रहेगी। शनिवार को भोपाल-इंदौर समेत 38 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में सामान्यतः 15 जून के आसपास मानसून की एंट्री हो जाती है, लेकिन इस बार 20 जून तक मानसून का कोई संकेत नहीं मिला है। तेलंगाना में 8 जून से ही मानसून ठहरा हुआ है। यदि एक-दो दिन में यह आगे बढ़ता है और इसकी रफ्तार तेज रहती है, तो मध्य प्रदेश में 25 जून के आसपास पहुंच सकता है।

मानसून के लेट होने से जून की सामान्य बारिश का आंकड़ा भी तेजी से घट रहा है। प्रदेश में 44 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। इनमें से पूर्वी हिस्से जैसे- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 24 जिलों में 65 प्रतिशत पानी कम गिरा है। पश्चिमी हिस्से के संभाग- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम में आंकड़ा 27 प्रतिशत कम है। प्रदेश के 55 में से 45 जिलों में बारिश का आंकड़ा माइनस में है।



सबसे अच्छी स्थिति में भोपाल है। यहां पर 62 प्रतिशत पानी ज्यादा गिरा है। अब तक ढाई इंच के मुकाबले 4 इंच बारिश हो चुकी है। अलीराजपुर ऐसा जिला है, जहां पर बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई है।

## मानसून लेट...किसान सबसे ज्यादा चिंता में

मानसून के लेट होने से किसान सबसे ज्यादा चिंता में है। वे खरीफ सीजन की फसल जैसे- सोयाबीन, उड़द, मूंग, तूअर आदि की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। शाजापुर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसएस धाकड़ बताते हैं कि बोवनी के लिए कम से कम 4 इंच बारिश जरूरी है। इससे जमीन में पर्याप्त नमी आती है। इतनी बारिश होने के बाद ही किसान बोवनी करें।

**बीज खराब होने का खतरा बढ़ा**

मानसून के समय पर आने की संभावना के चलते प्रदेश के कई जिलों में किसानों ने सोयाबीन की बोवनी कर दी। उन पर बीज खराब होने का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि पानी के आभाव में बीज खराब हो सकता है। ऐसे में किसानों को दोबारा बोवनी करना पड़ेगी। हालांकि, उन किसानों के लिए राहत है, जिनके पास सिंचाई के लिए पानी है।

## राजगढ़-दमोह समेत 5 जिलों में बारिश, दिन का पारा लुढ़का

प्रदेश में शुक्रवार को राजगढ़, दमोह, रीवा, सतना, मैहर समेत कई जिलों में बारिश हुई। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार, सिवनी में पारा सबसे कम 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। धार में 34.5 डिग्री, पचमढ़ी में 34.8 डिग्री, शिवपुरी में 35.2 डिग्री रहा।

** री-नीट से पहले खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट**

# जयपुर ईस्ट में 5 संदिग्धों से पूछताछ, एक दर्जन से ज्यादा लोगों पर नजर

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

 री-नीट 2026 परीक्षा से पहले संभावित पेपर लीक की आशंका को देखते हुए खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। सूत्रों के अनुसार इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) ने पिछले पांच दिनों में जयपुर में स्थानीय पुलिस के सहयोग से करीब 30 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को भी जयपुर ईस्ट जिले में स्थानीय पुलिस की मदद से पांच लोगों से पूछताछ की गई। हालांकि अब तक किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पूछताछ के बाद सभी को छोड़ दिया गया, लेकिन एजेंसियों ने उनके बयान और गतिविधियों के आधार पर जांच का दायरा बढ़ा दिया है।

सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान मिले इनपुट के आधार पर आईबी और जयपुर पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों को निगरानी सूची में रखा है। इन व्यक्तियों की गतिविधियों, संपर्कों और सोशल मीडिया नेटवर्क पर नजर रखी जा रही है।

## खुफिया एजेंसियां लगातार फील्ड इनपुट जुटा रही

बताया जा रहा है कि परीक्षा से पहले किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, पेपर लीक या संगठित नकल गिरोह की गतिविधियों को रोकने के लिए खुफिया एजेंसियां लगातार फील्ड इनपुट जुटा रही हैं। इसी क्रम में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ और तकनीकी निगरानी की कार्रवाई जारी है।

हालांकि आधिकारिक स्तर पर किसी भी पेपर लीक की पुष्टि नहीं की गई है और न ही अब तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी हुई है। जांच एजेंसियां एहतियात के तौर पर संभावित नेटवर्क और संदिग्ध गतिविधियों की पड़ताल कर रही हैं।

# महज 5 रुपए के विवाद में दांत से काटा कान

## भिंड में आटा चक्की संचालक ने ग्राहक पर किया हमला



### 45 की जगह 40 रुपए देने पर भड़का संचालक

ब्रह्मास्त्र ›› भिंड

भिंड जिले के मेहगांव थाना क्षेत्र में महज पांच रुपए के लेनदेन को लेकर एक आटा चक्की पर विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। शुक्रवार शाम को खैरियातोर मोड़ स्थित चक्की पर पिसाई के पैसों को लेकर हुए विवाद में संचालक ने ग्राहक का कान दांत से काट लिया। हमले में ग्राहक के कान का एक हिस्सा कटकर अलग हो गया। घायल ने मेहगांव थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मौरोली गांव निवासी धान सिंह भदौरिया ने मेहगांव थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि उसने खैरियातोर मोड़ स्थित पप्पू ओझा की चक्की पर साढ़े 37 किलो गेहूं पिसवाने के लिए दिए थे। शुक्रवार शाम को जब वह अपना पिसा हुआ आटा लेने चक्की पर पहुंचा, तो उसे करीब 36 किलो आटा ही वापस दिया गया। इसी दौरान पिसाई के पैसों को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

शिकायतकर्ता के अनुसार, चक्की संचालक पप्पू ओझा ने पिसाई के बदले 45 रुपए मांगे थे, जबकि धान सिंह ने उसे 40 रुपए दिए। इसी पांच रुपए के अंतर को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस होने लगी। देखते ही देखते यह विवाद हाथापाई तक पहुंच गया और गुस्से में आकर संचालक ने धान सिंह के कान को दांत से जोर से काट लिया।

### कान का हिस्सा कटकर अलग हुआ, लोगों ने किया बीच-बचाव

घायल धान सिंह ने बताया कि इस अप्रत्याशित हमले में उसके कान के निचले हिस्से का एक भाग कटकर पूरी तरह अलग हो गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहां मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। इसके बाद पीड़ित लहूलुहान हालत में थाने पहुंचा और आरोपी संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### पुलिस कर रही दोनों पक्षों से पूछताछ

मेहगांव थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में दोनों पक्षों को बुलाकर पूछताछ कर रही है। मेहगांव थाना प्रभारी महेश शर्मा ने बताया, ₹युवक का कान काटे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## डांसर बहनों के साथ गैंगरेपःबोलीं- तिलक का कहकर ले गए

**पटना।** नौबतपुर में दो सगी बहनों के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। लड़कियों ने बताया कि उन्हें एक तिलक समारोह में डांस कार्यक्रम के बहाने गांव बुलाया गया था, जहां दोनों बहनों के साथ कई लोगों ने रेप किया। पीड़िता के मुताबिक, आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में नौबतपुर थाने में तीन नामजद सहित 10 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है।

# अब घर बैठे मंगाइए डीजल, जनरेटर, मशीनों के लिए व्हाट्सएप मैसेज से होगा उपलब्ध

## मध्यप्रदेश की पहली जिप्प फ्यूल सर्विस शुरू

### वाट्सएप नंबर से ग्राहक करेंगे ऑर्डर



ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल


इंदौर में प्रदेश में पहली बार जिप्प फ्यूल नाम से डीजल की होम डिलीवरी सेवा शुरू की गई है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के डीलर ने पलसीकर कॉलोनी स्थित पेट्रो फिलिंग स्टेशन से यह पहल शुरू की है। इसके तहत उपभोक्ता अब घर या कार्यस्थल से ही डीजल मंगा सकेंगे।

इंदौर पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और पेट्रो फिलिंग स्टेशन के संचालक राजेंद्र सिंह वासु ने बताया कि इस सेवा का औपचारिक शुभारंभ 19 जून को किया गया है। इसके तहत ग्राहकों को डीजल ढएरड (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) द्वारा अनुमोदित सुरक्षा कैन में सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। यह डीजल के परिवहन और स्टोरेज संबंधी सरकारी मानकों के अनुरूप हैं।

इस सेवा का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को वाट्सएप नंबर 8839818718 पर उपलब्ध ऑटोमैटिक व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से ऑर्डर करना होगा। चैटबॉट ग्राहकों को डीजल की मात्रा, डिलीवरी का पता, पसंदीदा समय और भुगतान विकल्प चुनने की सुविधा देगा।

शुरूआती चरण में यह सेवा इंदौर शहर के अधिकांश क्षेत्रों में उपलब्ध रहेगी। मांग और दूरी के आधार पर ग्राहकों को अधिकतम चार घंटे में डीजल की आपूर्ति करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक डिलीवरी वाहन में प्रमाणित माप उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें पांच लीटर क्षमता का कैलिब्रेटेड माप यंत्र भी शामिल है। इससे ग्राहकों को ऑर्डर की गई डीजल की सटीक मात्रा मिलने की गारंटी रहेगी। वासु का कहना है कि यह पहल भविष्य में शहरी क्षेत्रों में डीजल वितरण का नया मॉडल साबित हो सकती है, जहां सुविधाजनक सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है।

### ग्राहकों की परेशानी का समाधान




हाल ही में डीजल वितरण के नियमों को सख्ती से लागू किए जाने के बाद केवल अनुमोदित कंटेनरों में ही डीजल देने की व्यवस्था लागू हुई थी। इसके चलते जनरेटर, कृषि उपकरण, निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली मशीनों और औद्योगिक जरूरतों के लिए डीजल लेने वाले कई उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वासु ने बताया कि इसी समस्या के समाधान के लिए यह सेवा शुरू की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को सुरक्षित और नियमानुसार डीजल उपलब्ध कराया जा सके। उनका दावा है कि यह इंदौर ही नहीं बल्कि प्रदेश की पहली ह्यजिप्प फ्यूलह्ण सेवा है।

# एमपी के अमरनाथ की अगस्त में शुरू होगी यात्रा

### नागद्वार मंदिर तक पहुंचे कलेक्टर-एसपी, पथरीले और कठिन मार्ग पर पैदल की ट्रैकिंग

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध नागद्वारी यात्रा और नागपंचमी मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और श्रद्धालु अनुकूल बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों की समीक्षा शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन और पिपरिया एसडीएम आकिब खान ने अधिकारियों के साथ नागद्वारी मार्ग की पैदल ट्रैकिंग कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

नागद्वारी यात्रा इस वर्ष 7 और 8 अगस्त से शुरू होकर नागपंचमी तक चलेगी। इस दौरान मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु सतपुड़ा की पहाड़ियों में स्थित नागद्वारी गुफा पहुंचकर नाग देवता के दर्शन करते हैं। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आगमन को देखते हुए प्रशासन पहले से तैयारियों में जुट जाता है। शुक्रवार को नागपंचमी पर्व के पूर्व आयोजित होने वाले प्रसिद्ध नागद्वारी मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान नागद्वारी मंदिर तक जाने वाले ट्रैकिंग मार्ग और मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया गया।



### कठिन मार्ग पर पैदल पहुंचकर लिया जायजा

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों के साथ कठिन पहाड़ी मार्ग का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान जलगली, नागफनी, कालाझाड़, चिंतामन, चित्रशाला, स्वर्गद्वार, पश्चिमद्वार, नागद्वारी मंदिर और काजरी सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का सघन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की स्थिति को देखा तथा आवश्यक सुधारों को लेकर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा इंतजाम, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, मार्ग सुधार, संचार व्यवस्था और आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया गया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं।

# छत्तीसगढ़ के जंगलों से मिलेगी राजस्थान को बिजली

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

राजस्थान में बिजली की बढ़ती मांग और कोयले की कमी के बीच राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को छत्तीसगढ़ (सरगुजा) के हसदेव-अरण्य क्षेत्र में स्थित केंते एक्सटेंशन ओपन कास्ट कोल ब्लॉक के लिए केंद्र सरकार से वन भूमि उपयोग की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इससे राजस्थान के छबड़ा (बारां) और सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट्स के लिए कोयले की आपूर्ति बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वन सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद यह मंजूरी दी गई है। परियोजना के तहत करीब 1743 हेक्टेयर वन भूमि को खनन (माइनिंग) के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। आसान भाषा में समझें तो यह क्षेत्र 80 से 200 बड़े क्रिकेट स्टेडियमों के बराबर माना जा सकता है। इस कोयला खदान से अगले 33 से 36 साल तक करीब 90 लाख टन कोयला निकाला जा सकेगा।

# समकालीन साहित्य की सशक्त विधा बनी लघुकथा

## प्रेमचंद सृजन पीठ व सरल काव्यांजलि के विमर्श में प्रख्यात साहित्यकारों ने रखे विचार, शहर के रचनाकारों ने किया पाठ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



वर्तमान की भागदौड़ भरी जिंदगी और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव के बीच लघुकथा समकालीन साहित्य की एक महत्वपूर्ण विधा बनकर उभरी है। यह कम शब्दों में गहरी संवेदना, सामाजिक यथार्थ और तीखा संदेश देने की क्षमता रखती है। यह बात पटना से आए प्रख्यात लघुकथाकार डॉ. ध्रुव कुमार ने भारतीय ज्ञानपीठ महाविद्यालय में आयोजित 'समकालीन लघुकथा और आज का परिदृश्य' विषयक विमर्श में मुख्य वक्ता के रूप में कही। यह आयोजन प्रेमचंद सृजन पीठ और सरल काव्यांजलि साहित्यिक संस्था ने संयुक्त रूप से किया था। डॉ. ध्रुव कुमार ने कहा कि आज की लघुकथाएं सामाजिक विसंगतियों, पारिवारिक संबंधों, तकनीकी प्रभाव, राजनीतिक परिस्थितियों, स्त्री-विमर्श, पर्यावरण और अकेलेपन जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से सामने ला रही हैं। उन्होंने इसे पाठ्यक्रमों में शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया और प्रसिद्ध लघुकथाकार सतीश राज पुष्करणा के योगदान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि लघुकथा समुद्र की बूंद की तरह संपूर्ण समाज का प्रतिनिधित्व करती है। आज लघुकथा में स्त्री, दिव्यांग, जनजातीय-दलित विमर्श और प्रवासी जीवन जैसे सभी विषय शामिल हैं। इसमें प्रतीकात्मकता और शब्दों की सादगी जरूरी है। गहरी प्रतिबद्धता के साथ लघु में विराट को देखना ही लघुकथा है।

### वैश्विक मुद्दों पर रचनाएं जरूरी

विशेष अतिथि प्रख्यात लघुकथाकार संतोष सुपेकर ने कहा कि लेखकों को विश्व-दृष्टि विकसित कर भूख, शिक्षा, पर्यावरण, साइबर अपराध जैसे वैश्विक मुद्दों पर रचनाएं करनी चाहिए। वहीं, विशेष अतिथि व फिल्म समीक्षक शशांक दुबे ने कहा कि लघुकथा के विषयों में नवीनता हो और पाठक को पढ़ते हुए अंत का आभास बिल्कुल नहीं होना चाहिए। लघुकथा ऐसी चोट करे जिसका असर देर तक रहे। इस अवसर पर सरल काव्यांजलि के अध्यक्ष डॉ. संजय नागर, सचिव मानसिंह शरद तथा जैन कवि संगम के अध्यक्ष सुगनचंद जैन, दिलीप जैन और संदीप सृजन ने डॉ. ध्रुव कुमार का सम्मान किया। विमर्श के दौरान शहर के लघुकथाकारों डॉ. वंदना गुप्ता, आशा गंगा, प्रमोद शिरढोनकर, डॉ. हरीशकुमार सिंह, संतोष सुपेकर, मुकेश जोशी, डॉ. प्रभाकर शर्मा, रमेशचन्द्र शर्मा, डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय, मानसिंह शरद, कमलेश व्यास कमल, संदीप सृजन, डॉ. नेत्रा रावणकर, रमेश मनोहरा (जावरा), राजेन्द्र नागर निरंतर, सीमा पंड्या, दिलीप जैन, योगेन्द्र माथुर, अनिल पांचाल और डॉ. रश्मि मोयदे ने प्रभावी लघुकथाओं का पाठ किया।

# महेश नवमी पर लगेगा विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

## विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे सेवाएं, खेल व सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस 'महेश नवमी' के पावन अवसर पर महोत्सव का शुभारंभ रविवार 21 जून को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के साथ होगा। गोला मंडी स्थित श्री माहेश्वरी भवन में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस शिविर का लाभ केवल समाज ही नहीं, बल्कि शहर का कोई भी नागरिक ले सकता है।


यह शिविर शेल्बी हॉस्पिटल इंदौर, उज्जैन जिला माहेश्वरी महिला सभा, श्री माहेश्वरी सभा गोला मंडी, श्री माहेश्वरी समाज नृसिंह मंदिर, उज्जैन जिला माहेश्वरी सभा और महिला मंडल उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में शेल्बी हॉस्पिटल इंदौर के प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. आशीष सेठ (एमएस ऑर्थो), डॉ. अमित माहेश्वरी (एमडी न्यूरोलॉजिस्ट), डॉ. मुफज्जल रस्सीवाला (एमएस सर्जरी), डॉ. इशिता गांगुली (एमबीबीएस गायनेकोलॉजिस्ट), डॉ. रिद्धिम ओझा (एमडी रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) और डॉ. जयश्री फाल्के (एमबीबीएस एमडी) मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। डॉक्टरों के परामर्श पर ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमडी, पीएफटी और ईसीजी की जांच नि:शुल्क की जाएगी। आयोजकों ने शहरवासियों से शिविर का अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की है।

ब्रह्मास्त्र FILMY

# फिल्म 'उत्तर दा पुत्तर' का नया पोस्टर रिलीज

## अन्नू कपूर की फिल्म में किस्मत या कर्म? हल्के-फुल्के अंदाज में बड़ा सवाल उठाया






हाल ही में टीजर रिलीज के बाद चर्चा में आई फिल्म ह्यउत्तर दा पुत्तरह्न का नया पोस्टर सामने आया है। पोस्टर फिल्म की अनोखी दुनिया और अलग अंदाज की झलक देता है। इसके जरिए मेकर्स ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाने की कोशिश की है।

पोस्टर में अभिनेता अन्नू कपूर अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। वह एक बड़े वास्तु-प्रेरित चक्र के ऊपर रखी कमोड सीट पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। फिल्म की तरह पोस्टर का विजुअल भी हटकर और व्यंग्यात्मक है। इसमें भाग्य, दिशा और रोजमर्रा की उलझनों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। फिल्म की टैगलाइन ह्यकरम बड़े या किस्मत?ह्न कहानी के मूल विचार को सामने लाती है। यह सवाल उठाती है कि इंसान की जिंदगी फैसले और कर्म तय करते हैं या किस्मत उसकी दिशा बदलती है। पोस्टर में मौजूद बाकी किरदार भी कहानी के दिलचस्प मोड़ों की झलक देते हैं। फिल्म में अन्नू कपूर के साथ रुखसार रहमान, बृजेंद्र काला, पवन मल्होत्रा, इश्तियाक खान, जीवेशु अहलूवालिया, राजेंद्र सेठी, सुमित गुलाटी और नितिन अरोड़ा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण संदीप कपूर और प्रिया कपूर ने प्रोमोडोम मोशन पिक्चर्स के बैनर तले किया है। कहानी संदीप कपूर ने लिखी है, जबकि निर्देशन रविंदर सिवाच ने किया है। पोस्टर को लेकर निमार्ता संदीप कपूर ने कहा, ह्लहम चाहते थे कि पोस्टर फिल्म की असली पहचान को सामने लाए। यह मजेदार, थोड़ा अलग और दर्शकों में जिज्ञासा पैदा करने वाला है। फिल्म दिखाती है कि लोग अक्सर अपने सवालों के जवाब बाहर ढूंढ़ते हैं, जबकि जिंदगी उन्हें अपने तरीके से नई सीख देती रहती है।

## डायरेक्टर ने एक्ट्रेस कीर्ति और कृति का हाथ खींचा

तेलुगु सिनेमा के सीनियर डायरेक्टर के. राघवेंद्र राव एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश और कृति शेट्टी का हाथ पकड़कर खींचने के लिए ट्रोल हो रहे हैं। दरअसल हैदराबाद में डायरेक्टर अनिल रविपुडी की नई फिल्म के लॉन्च के दौरान 84 वर्षीय राघवेंद्र राव उद्घाटन शॉट को डायरेक्ट कर रहे थे। इस दौरान वे एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश और कृति शेट्टी का हाथ पकड़कर उन्हें अपनी ओर खींचते हुए नजर आए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो आने के बाद यूजर्स ने नाराजगी जताई है और डायरेक्टर के इस व्यवहार की तीखी आलोचना की है। यह घटना गुरुवार को आयोजित फिल्म लॉन्च इवेंट की है। इस फिल्म में वेंकटेश दग्गुबाती, नंदमुरी कल्याणराम, कीर्ति सुरेश और कृति शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। पारंपरिक मुहूर्त समारोह के तहत उद्घाटन शॉट का निर्देशन करने के लिए मशहूर डायरेक्टर राघवेंद्र राव को बुलाया गया था।

# टाईम पास

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ








## जोक्स

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!
00000000000

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!
00000000000

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

### ऊपर से नीचे

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन-2
8. वहम, संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना-5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरुर, खुमार-2
22. ओहदा-2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 31 | | 20 | | 14 | | 32 | = | 57 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 2 | | 20 | | 30 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 5 | | 5 | | 15 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 18 | | 43 | | 13 | | 18 | = | 35 / 30 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | क | ल | ड़ि | च | र | स | धी | सी | ल | अ |
| च | लो | ल | दे | श्रं | ति | ह | ई | ता | ट | नु |
| ला | स | ले | ल | मं | छ | रा | रा | औ | अ | रो |
| मु | ज | ज | सु | पु | र | रा | प | र | ना | ध |
| रा | फ | दो | ग | ला | प | ज | तू | जी | मि | निं |
| री | क | की | प | ह | न | के | ना | ता | का | ग |
| ही | अ | स | रा | या | प | अ | बु | ज | ला | ट्रे |
| रो | ता | दा | ई | ह | ब | भि | फ | प | श | न |
| ब | बा | छ | लि | या | मा | मा | ल | ब | के | न |
| न | ला | म | लि | प | न | न | शा | स्री | ता | ने |
| ने | जी | व | अ | बा | न | क | शा | त | र | इ |

शब्दजाल में "असरानी" की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

अभिमान, अचानक, छलिया, चुपके-चुपके, चरस, फक्कीरा, शोले, अनुरोध, चला मुरारी हीरो बनने, अनामिका

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | 3 | | 7 | |
| | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 6 | | 2 | | 5 | | |
| | 29 | | 33 | | 37 | 3 |
| 4 | | 1 | 6 | | | 7 |
| | 30 | | 32 | | 34 | |
| | 5 | | | 1 | 2 | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | + | 5 | - | 32 | + | 45 | = | 86 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 38 | - | 22 | + | 31 | + | 30 | = | 77 |
| x | ■ | - | ■ | x | ■ | + | ■ | + |
| 2 | x | 10 | - | 5 | + | 10 | = | 25 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | - | ■ | - |
| 40 | + | 2 | + | 10 | - | 20 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | - | 19 | + | 15 | - | 5 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 34 | 7 | 30 | 4 | 28 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 25 | 6 | 33 | 6 | 41 | 5 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 5 | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु नवताल

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

### एमपी-बिहार-झारखंड में बिजली गिरने से 16 की मौत

# मानसून 23 जून को तेलंगाना से आगे बढ़ेगा, मध्य भारत में मानसून लाने वाला सिस्टम एक्टिव





**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

मानसून धीरे-धीरे आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 23 जून तक इसके छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून के लिए जरूरी सिस्टम सक्रिय हो गए हैं।

मानसून 15 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून से तेलंगाना में अटका हुआ है। 11 दिन हो गए हैं, यह आगे नहीं बढ़ रहा है। वहीं, यूपी और राजस्थान समेत 8 राज्यों में प्री-मानसून के बावजूद तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है।


बिहार के वैशाली में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से तीन मौतें वैशाली जिले में हुईं, जबकि नवादा और जमुई जिले में एक-एक व्यक्ति की जान गई। नेपाल में भारी बारिश के कारण किशनगंज में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

झारखंड में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 8 लोगों की जान गई। मृतकों में दो महिलाएं और दो साल का बच्चा भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 3 मौतें हजारीबाग में हुईं। राजस्थान के 12 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में शुक्रवार को बिजली गिरने से काका-भतीजे की मौत हो गई। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना के कई शहरों में बुधवार को पारा 40त्उ से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा उत्तर प्रदेश के बांदा में 44.2त्उ दर्ज किया गया।

वहीं यूपी के प्रयागराज में 43.6त्उ, एमपी के खजुराहो 42.4त्उ, महाराष्ट्र के ब्रह्मपुरी में 42.1त्उ, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 42त्उ, बिहार के छपरा में 41.8त्उ और झारखंड के डाल्टनगंज में 40त्उ रहा। अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन ने उपग्रह के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार इंटरट्रॉपिकल कन्वर्जेंस जोन पर्याप्त गति से सक्रिय नहीं हो पाया है, इससे मानसून की रफ्तार धीमी है। यह सामान्य रूप से जून के मध्य तक उत्तर की ओर बढ़कर भारत में नमी खींचता है।

## ट्रम्प बोले-मेलोनी मेरे साथ फोटो खिंचाने के लिए बेताब थीं: इटली पीएम का जवाब- उनकी कहानी झूठी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इटली



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक बयान पर नाराजगी जाहिर की है। ट्रम्प ने दावा किया था कि G7 शिखर सम्मेलन के दौरान मेलोनी उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए बेताब थीं। इस पर मेलोनी ने कहा कि ट्रम्प की यह कहानी पूरी तरह झूठी और मनगढ़ंत है। ट्रम्प ने इतालवी टीवी चैनल छं7 से बातचीत में कहा, वह मेरे साथ फोटो चाहती थीं। मैं ऐसा नहीं करना चाहता था, लेकिन मुझे उन पर तरस आ गया। इस पर मेलोनी ने कहा, मैं हैरान हूं। समझ नहीं आता कि अमेरिका के राष्ट्रपति अपने सहयोगियों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों करते हैं। एक बात उन्हें याद रखनी चाहिए- न मैं और न ही इटली कभी किसी के सामने गिड़गिड़ाते हैं।

विवाद बढ़ने के बाद इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो तायानी ने अगले हफ्ते का अपना अमेरिकी दौरा रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का बयान सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि पूरे इटली का अपमान हैं।

हालिया G7 शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रम्प और मेलोनी के बीच रिश्तों में सुधार के संकेत दिखे थे। फ्रांस में हुई बैठक के दौरान दोनों नेताओं को कई मौकों पर साथ देखा गया। दोनों एक सोफे पर बैठकर लंबी बातचीत करते नजर आए और उनकी तस्वीरें भी चर्चा में रहीं। उस समय माना जा रहा था कि इस साल की शुरूआत में पैदा हुए मतभेदों के बाद दोनों नेताओं के संबंध फिर सामान्य हो रहे हैं। लेकिन ट्रम्प के ताजा बयान के बाद दोनों देशों के बीच फिर तनाव बढ़ गया है।

### मेलोनी की पार्टी ने भी ट्रम्प की आलोचना की

मेलोनी की पार्टी ब्रदर्स ऑफ इटली के सीनेट नेता लूचियो मलान ने कहा कि ट्रम्प पहले भी कई यूरोपीय नेताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर चुके हैं और इससे सबसे ज्यादा नुकसान उनकी अपनी छवि को हो रहा है। उन्होंने कहा कि G7 सम्मेलन के वीडियो ट्रम्प के दावे से बिल्कुल अलग तस्वीर दिखाते हैं। उनके मुताबिक ट्रम्प को शायद यह बात परेशान करती है कि जरूरत पड़ने पर मेलोनी अमेरिका को ₹ना₹ कहने से नहीं हिचकतीं।

राष्ट्रपति सर्जियो मत्तारेला ने तुरंत मेलोनी को फोन कर समर्थन जताया। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद फिलिपो सेंसी ने कहा कि किसी को भी इतालवी प्रधानमंत्री से इस तरह अहंकारी लहजे में बात करने का अधिकार नहीं है। इटली की सत्तारूढ़ गठबंधन की सहयोगी लीग पार्टी के नेता माटेओ साल्विनी ने मेलोनी के समर्थन में उतरते हुए कहा, जॉर्जिया मेलोनी पर हमला पूरे इटली पर हमला है।

### ट्रम्प पर यूरोप-अमेरिका रिश्ते बिगाड़ने का आरोप



मेलोनी के करीबी सहयोगी और प्रधानमंत्री कार्यालय के अंडरसेक्रेटरी जियोवानबातिस्ता फज्जोलारी ने कहा कि ट्रम्प जानबूझकर या अनजाने में अमेरिका और यूरोप के ऐतिहासिक रिश्तों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के ऐसे बयानों ने पूरे यूरोप में अमेरिका की छवि को नुकसान पहुंचाया है और इसका सबसे ज्यादा नुकसान खुद अमेरिका को होगा। ट्रम्प और मेलोनी के रिश्ते पहले काफी करीबी माने जाते थे। 2025 में ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाली वह एकमात्र यूरोपीय नेता थीं। उन्हें यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच ब्रिज के तौर पर भी देखा जाता था। हालांकि, अप्रैल में ईरान युद्ध के दौरान दोनों नेताओं के रिश्तों में खटास आ गई थी। पोप लियो 14वें की शांति अपील पर ट्रम्प ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी, जिसका मेलोनी ने विरोध किया था। इसके बाद ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें लगा था कि मेलोनी में साहस है, लेकिन वह गलत थे।

# ईरान बोला- समझौता टूटा तो अमेरिका जिम्मेदार होगा

### लेबनान समेत सभी मोर्चों पर जंग खत्म कराए वॉशिंगटन, हिजबुल्लाह बोला- इजराइल का कब्जा मंजूर नहीं




**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इजराइल

ईरान ने कहा है कि लेबनान समेत सभी मोर्चों पर जंग खत्म कराने की जिम्मेदारी अमेरिका की है। अगर समझौते का उल्लंघन होता है, तो इसके लिए वॉशिंगटन को जिम्मेदार माना जाएगा। अल जजीरा के मुताबिक, यह बयान ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से फोन पर बातचीत में दिया।

इधर, इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच युद्धविराम लागू होने की खबरों के कुछ घंटे बाद हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम ने कहा कि संगठन इजराइली कब्जे को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

बेरूत में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह कब्जे वाली जमीन को मुक्त कराने के अपने लक्ष्य पर कायम है। संगठन लेबनान के संविधान के दायरे में काम करता है और विदेशी दबदबे को खारिज करता है। कासिम ने कहा, अगर दुश्मन हमारे खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल करता है, तो हम भी हथियारों से जवाब देंगे।

अमेरिका और ईरान के बीच शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में होने वाली पहली औपचारिक वार्ता टाल दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लेबनान में लगातार इजराइली हमलों को लेकर दोनों पक्षों में मतभेद बने हुए हैं। हालांकि, उठठ ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ स्विट्जरलैंड के लिए रवाना हो गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, दक्षिणी लेबनान और बेका घाटी में शुक्रवार देर रात से हुए इजराइली हवाई हमलों में 47 लोग मारे गए और 97 घायल हुए। 2 मार्च से अब तक मरने वालों की संख्या 3,980 पहुंच गई है। अमेरिका-ईरान समझौते के बाद 18 जून को 25 कारोबारी जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। यह अप्रैल के बाद एक दिन में सबसे ज्यादा संख्या है। हालांकि, 500 से ज्यादा जहाज और 11 हजार नाविक अब भी खाड़ी में फंसे हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका मजबूरी में बातचीत की मेज पर नहीं आया, बल्कि ईरान खुद आया है। उन्होंने कहा कि अगले 60 दिनों तक ईरान को अमेरिका से एक पैसा भी नहीं मिलेगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने साऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय शांति और अगले दौर की बातचीत को कूटनीति और संवाद के जरिए आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

अमेरिकी मीडिया एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार को स्विट्जरलैंड जाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि जमीनी हालात के आधार पर उनकी यात्रा में बदलाव हो सकता है। एक मध्यस्थ देश के अधिकारी ने बताया कि अराघची ने कहा है कि लेबनान में युद्धविराम अमेरिका-ईरान वार्ता के भविष्य के लिए निर्णायक साबित हो सकता है।

### ईरान जंग में दुनिया से 115 करोड़ बैरल तेल गायब, ऑयल रिजर्व 36 साल में सबसे कम



ईरान-अमेरिका समझौते के बाद इस हफ्ते होर्मुज स्ट्रेट फिर से खुल गया है। हालांकि, दुनिया अभी भी तेल संकट से पूरी तरह बाहर नहीं निकली है।

एनालिटिक्स फर्म केपलर की रिपोर्ट के मुताबिक युद्ध के करीब चार महीनों में वैश्विक बाजार से 115 करोड़ बैरल तेल की सप्लाई गायब हो चुकी है। इसका असर आने वाले महीनों तक बना रह सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक युद्ध के दौरान मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई लगभग बंद रही। इस वजह से दुनिया के स्ट्रेटजिक और कॉमर्शियल ऑयल रिजर्व तेजी से घटे हैं। पिछले कुछ महीनों में 19 करोड़ बैरल तेल स्टॉक से निकल चुका है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के स्ट्रेटजिक रिजर्व 1990 के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। वहीं अमेरिका का इमरजेंसी रिजर्व 43 साल के निचले स्तर पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को वर्साय में ऋ7 बैठक के दौरान कहा कि अगर जंग खत्म नहीं करते तो हमारे रिजर्व करीब चार हफ्तों में खत्म हो जाते। अमेरिका-ईरान समझौते की खबर से तेल बाजार ने राहत की सांस ली।

## कॉकरोच जनता पार्टी का आज जंतर-मंतर पर प्रदर्शन



ठएएळ पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (उखढ) के फाउंडर अभिजीत दीपके आज दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। इससे पहले अभिजीत ने 6 जून को जंतर-मंतर पर प्रोटेस्ट किया था। उखढ अब तक पुणे, लखनऊ, अमृतसर, हैदराबाद, बेंगलुरु, जयपुर और नागपुर में भी प्रदर्शन कर चुकी है।

दीपके ने शुक्रवार को पीएम मोदी को पत्र लिखकर सुसाइड करने वाले ठएएळ स्टूडेंट्स के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की। उन्होंने लिखा कि देश का माहौल युवाओं के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। रीएग्जाम होने के बावजूद स्टूडेंट्स के सुसाइड नहीं रुके हैं और सरकार को असल समस्या पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों और अभिभावकों में निराशा और बढ़ सकती है।

जो भी राजनीतिक नेता छात्रों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं और मानते हैं कि पेपर लीक देश की शिक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है, उन्हें छात्रों के समर्थन में आगे आना चाहिए। दीपके ने कहा कि उनकी राहुल गांधी से कोई बातचीत नहीं हुई है। नेताओं के पास विधायकों और सांसदों को अपने पक्ष में करने के लिए पैसा है, लेकिन छात्रों के परिवारों की मदद के लिए नहीं। एक ठएएळ छात्रा ने आत्महत्या की, लेकिन उसके परिवार को कोई सहायता नहीं मिली। शिक्षा व्यवस्था धीरे-धीरे कारोबार में बदलती जा रही है और जनप्रतिनिधि सरकारी स्कूलों को मजबूत करने की बजाय निजी संस्थान चलाने में ज्यादा रुचि ले रहे हैं।

### देश के अलग-अलग राज्यों में CJP का प्रदर्शन



- **6 जून, नई दिल्ली-** प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के लिए सरकार को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया।
- **11 जून, पुणे-** सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन। वांगचुक पहुंचे।
- **12 जून, लखनऊ-** दीपके यूपी के लखनऊ में प्रदर्शन के दौरान संविधान की किताब लेकर आए।
- **13 जून, अमृतसर-** पंजाब के अमृतसर में प्रदर्शन के दौरान दीपके भगत सिंह की तस्वीर लेकर पहुंचे।
- **14 जून, हैदराबाद और बेंगलुरु-** दक्षिण भारत में एक ही दिन दो बड़े प्रदर्शन हुए।
- **15 जून, जयपुर-** शहीद स्मारक पर प्रदर्शन के दौरान भीड़ में शामिल युवकों ने दीपके को थप्पड़ मारे।
- **16 जून, नागपुर-** संविधान चौक पर पार्टी ने प्रदर्शन किया।

## CJP की 5 प्रमुख मांगें

1. पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने या रिजल्ट में देरी पर हर छात्र को ₹10 हजार मुआवजा दिया जाए।
2. सभी बड़ी परीक्षाओं के लिए बैकअप डेट तय हो और 72 घंटे के भीतर दोबारा परीक्षा कराई जाए।
3. OSM के तहत होने वाली परीक्षाओं की आंसर शीट की जांच मैन्युअल (फिजिकल) तरीके से की जाए।
4. देरी से होने वाली परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट दी जाए।
5. कंप्यूटर बेस्ड परीक्षाओं का ऑडिट परीक्षा से 7 दिन पहले अनिवार्य किया जाए।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 20 जून, 2026

### सुभाषितानि

माता यस्य गृहे नास्ति भार्या चाप्रियवादिनी।
अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम्॥

**भावार्थ** : जिसके घर में न माता हो और न स्त्री प्रियवादिनी हो , उसे वन में चले जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए घर और वन दोनों समान ही हैं।

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये॥

**भावार्थ** : किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेजते समय सेवक की पहचान होती है। दुःख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

## सम्पादकीयम्

### आधारेण भविष्ये निर्णयं करिष्यति

यदि एतत् न भवति तर्हि अमेरिकादेशः तेषां वास्तविकव्यवहारस्य आधारेण भविष्ये निर्णयं करिष्यति इति सः चेतवति स्म। वैन्सः पुनः अवदत् यत् एषः सम्झौता केवलं कागदपत्रेषु शब्दानां विषये एव नास्ति; इदं पूर्णतया इरान्-देशस्य भविष्यस्य व्यवहारे एव निर्भरं भवति। इदानीं अमेरिकादेशः इराणस्य क्रियाकलापस्य निकटतया निरीक्षणं करिष्यति। जेडी वैन्सः सम्झौतेः कट्टरसमर्थकः रक्षकः च इति रूपेण उद्धृतः अस्ति। राष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः बुधवासरे फ्रान्सदेशस्य वर्सैल्-मसादे हस्ताक्षरं कृतवान्। ट्रम्पः विनोदेन टिप्पणीं कृतवान् यत् यदि सम्झौता सफला भवति तर्हि सः श्रेयः गृह्णीयात्, परन्तु यदि असफलः भवति तर्हि सः सर्वान् दोषान् जे.डी. व्हाइट हाउस् इत्यनेन वैन्स् इत्यस्य वर्णनं राष्ट्रपतिस्य दक्षिणहस्तः इति कृतम् अस्ति। प्रशासनं कथयति यत् वैन्स् इत्यनेन स्टीव विट्कोफ, जेरेड् कुश्नर च सह एतासां वातानां नेतृत्वं कृतम्। विपक्षे अन्यः दरारः? टीएमसी-शिवसेना-योः अन्तः असहमति-मध्ये अथवलेः सुझावम् अयच्छति यत् आप-लोकसभा-सांसदाः अपि तस्मिन् गुच्छे सम्मिलितुं शक्नुवन्ति। अस्मिन् सम्झौते इरान्-देशेन अन्तर्राष्ट्रीयनिरीक्षणेन स्वस्य समृद्ध यूरेनियम-भण्डारं न्यूनीकर्तुं आवश्यकम् अस्ति।

छत्तीसगढ़े मानसून आगच्छति; मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार

## दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान च कृते मौसम अलर्ट जारीकृतम्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

देशस्य मौसमे महत्त्वपूर्णं परिवर्तनं प्रचलति। दक्षिणपश्चिममानसूनः पुनः गतिं प्राप्नोति इति दृश्यते। भारतस्य मौसमविभागेन जारीकृतस्य नवीनतमस्य पूवार्नुमानस्य अनुसारं वादनपर्यन्तं देशस्य बृहत् भागेषु आगामिषु दिनेषु तीव्रतरं तूफानम्, वर्षा, विद्युत्प्रहारः, प्रचण्डवायुः च भवितुं शक्नोति। महत्त्वपूर्णतया, मानसूनस्य छत्तीसगढे प्रवेशाय अनुकूलाः परिस्थितयः अभवन्, यदा तु मौसमविभागेन मध्यप्रदेशः, उत्तरप्रदेशः, बिहारः, दिल्ली-एनसीआर, राजस्थानः च समाविष्टाः १७ राज्यानां कृते अलर्ट् जारीकृताः।

मौसमविदः मानसून-क्रियाकलापस्य तीव्रताम् बङ्ग-खातेः अरब-सागरात् च आर्द्रतायाः निरन्तरप्रवाहस्य कारणं वदन्ति। एषः प्रभावः सम्पूर्णे मध्य-पूर्वीय-उत्तरभारते मौसमस्य स्वरूपेषु तीव्रगत्या परिवर्तनं कुर्वन् अस्ति। कतिपयदिनानि पूर्वमेव तीव्रतापतरङ्गपरिस्थितिः प्रचलति स्म, तथापि अधुना अनेकेषु राज्येषु प्रचण्डवायुः, मेघाच्छादनं, वर्षा च आरब्धा अस्ति।

मौसमविभागस्य छत्तीसगढस्य पूवार्नुमानं विशेषतया महत्त्वपूर्णं मन्यते। विभागस्य अनुसारं दक्षिणपश्चिममानसूनः आगामिषु चतुर्षु पञ्चदिनेषु राज्यस्य अवशिष्टेषु भागेषु प्रगन्तुं शक्नोति। १८ जूनतः २४ जूनपर्यन्तं बह्वीषु जिल्हेषु वर्षासहितं वज्रपातस्य सम्भावना अस्ति। १८ जूनतः २० जूनपर्यन्तं अनेकस्थानेषु विद्युत्प्रहारस्य सम्भावना अपि अस्ति तदतिरिक्तं २१ तः २२ जूनपर्यन्तं ४० तः ५० कि.मी सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य।




मध्यप्रदेशे अपि मौसमस्य स्वरूपं तीव्रगत्या परिवर्तमानं वर्तते। भोपाल, इन्दौर, उज्जैन विभागेषु प्रचण्डतूफानैः, वज्रपातैः सह वर्षा भविष्यति इति पूवार्नुमानम् अस्ति। अनेकस्थानेषु वायुवेगः ५० तः ६० किलोमीर्ट प्रतिघण्टां यावत् भवितुम् अर्हति, केषुचित् क्षेत्रेषु ७० कि.मी. जबलपुर, रीवा, शाहडोल्, सागर-विभागेषु 22 जूनपर्यन्तं मण्डलानां कृते अपि वज्रपातस्य, विद्युत्, प्रचण्डवायुस्य च सचेतनाः जारीकृताः सन्ति। मौसमविभागेन जनान् मुक्तक्षेत्रेषु उद्यमं न कर्तुं, अशुभमौसमस्य समये अतिरिक्तसावधानी कर्तुं च सल्लाहः दत्तः।

राजधानी दिल्ली, राष्ट्रियराजधानीक्षेत्रे अपि सुखदमौसमस्य स्थितिः अपेक्षिता अस्ति। मौसमविभागस्य अनुसारं आगामिषु कतिपयेषु दिनेषु लघुतः मध्यमपर्यन्तं वर्षा, मेघयुक्तं आकाशं, प्रचण्डवायुः च सम्भवति। एतेन तापमानस्य न्यूनता भविष्यति, येन आर्द्रतायाः, तापस्य च निवृत्तिः सम्भाव्यते। परन्तु केषुचित् क्षेत्रेषु प्रचण्डवायुसहितस्य वज्रपातस्य सम्भावनायाः कारणात् सावधानता ज्ञायते।

उत्तरप्रदेशे मानसूनस्य आगमनस्य प्रतीक्षा समाप्तिं समीपे एव दृश्यते। पूर्वीय-मध्य-उत्तर-प्रदेशस्य अनेकजिल्हेषु मेघ-आच्छादनं वर्धितम् अस्ति। मौसमविभागेन राज्यस्य विभिन्नेषु भागेषु वज्रपातस्य वर्षस्य च पूवार्नुमानं कृतम् अस्ति, केषुचित् मण्डलेषु प्रचण्डवायुः विद्युत्प्रकोपः च इति चेतावनी जारीकृता अस्ति। कृषिविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् मानसूनस्य क्रियाकलापस्य वर्धनेन खरीफसस्यानां रोपणं त्वरितं भविष्यति। बिहारे अपि मौसमः द्रुतगतिना परिवर्तनं प्राप्नोति। राज्यस्य अनेकजिल्हेषु वज्रपातः, वर्षा, प्रचण्डवायुः च इति पूवार्नुमानं कृतम् अस्ति।

मानसूनकाले प्रबलधाराभिः

## काष्ठसेतुस्य क्षतिः नित्यं भवति; अतः स्थानीयसमुदायः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

मानसूनकाले प्रबलधाराभिः काष्ठसेतुस्य क्षतिः नित्यं भवति; अतः स्थानीयसमुदायः दीर्घकालं यावत् सुदृढं, स्थायिसंरचनायाः आग्रहं कुर्वन् अस्ति। एषः विषयः पूर्वमन्त्री महेशगगदा अपि समीपं गतवान्। ग्रामजनानां दुर्दशां ज्ञात्वा तेषां स्वैच्छिकश्रमद्वारा निर्मितस्य सेतुस्य विषये च सः विषयं गम्भीरतापूर्वकं गृहीतवान् इति कथ्यते। ग्रामजनानां मते पूर्वमन्त्री तान् आश्वासितवान् यत् मानसूनस्य ऋतुः समाप्तः जातः तदा प्राथमिकतारूपेण नूतनस्य, षड्मीट 'दीर्घस्य स्थायी कलवर्टस्य निर्माणस्य प्रक्रिया आरब्धा भविष्यति।

पूर्वमन्त्रिणः एतत् आश्वासनं ग्रामजनानां मध्ये आशायाः किरणं प्रेरितवान् अस्ति। तेषां मतं यत् स्थायी-कलवर्ट-निर्माणेन दशक-पुराण-समस्यायाः स्थायि-समाधानं भविष्यति। एतेन न केवलं ग्रामस्य कृते संपर्कस्य उन्नतिः भविष्यति अपितु शिक्षा, स्वास्थ्यसेवा, अन्येषु विकासात्मकेषु कार्येषु प्रगतिः अपि त्वरिता भविष्यति। अस्मिन् प्रदेशे सामाजिककार्यकर्तारः मन्यन्ते यत् एषा घटना केवलं एकस्य ग्रामस्य कथा एव नास्ति; अपितु सामूहिकप्रयत्नेन भयङ्करतमानि आव्हानानि अपि अतितर्तुं शक्यन्ते इति दर्शयति। यदा कश्चन समुदायः एकीभवति तदा सीमितसम्पदां अपि विलक्षणं परिणामं प्राप्तुं शक्यते। परन्तु ते अपि बोधयन्ति यत् मूलभूतसुविधानां प्रदातुं सर्वकारस्य प्रशासनस्य च दायित्वम् अस्ति; अतः एतादृशेषु क्षेत्रेषु स्थायिसमाधानं सुनिश्चित्य शीघ्रं कार्यवाही आवश्यकी भवति। बीजापुर इत्यादिषु दूरस्थेषु, वनैः आच्छादितेषु क्षेत्रेषु आधारभूतसंरचनानां विकासः-यथा मार्गाः, सेतुः, संचारजालम् च-चिरकालात् एकं आव्हानं वर्तते अस्मिन् सन्दर्भे कोयैतपाल-डोग्रीपारा-ग्रामीणैः निर्मितः सेतुः।

### पश्चिमबङ्गस्य राजनैतिकपरिदृश्यं महत्त्वपूर्णतया प्रभावितं कर्तुं

ब्रह्मास्त्र ›› शहडोल

विश्लेषकाणां मतं यत् यदि अन्वेषणसंस्थाः स्वस्य आरोपानाम् प्रमाणीकरणार्थं ठोसवित्तीयदस्तावेजसाक्ष्यं प्रस्तुतुं सफलाः भवन्ति तर्हि एषः प्रकरणः पश्चिमबङ्गस्य राजनैतिकपरिदृश्यं महत्त्वपूर्णतया प्रभावितं कर्तुं शक्नोति। तद्विपरीतम् यदि आरोपाः सिद्धाः न भवन्ति तर्हि राजनैतिकप्रतिशोधस्य आरोपाः तीव्राः भवितुम् अर्हन्ति। सम्प्रति प्रवर्तननिदेशालयेन जप्तानाम् दस्तावेजानां डिजिटल-अभिलेखानां च जाँचः क्रियते। अन्वेषणकार्यक्रमेषु एकत्रितसूचनायाः आधारेण अग्रे कार्यवाही निर्धारिता भविष्यति इति एजेन्सी उक्तवती अस्ति। इदानीं यावत् आगामिषु दिनेषु अन्ये अपि कतिपये प्रभावशालिनः जनाः अन्वेषणस्य परिधिमध्ये आगन्तुं शक्नुवन्ति इति राजनैतिकवृत्तेषु अनुमानाः।

### राशिफल

**मेष** : आपके लिए अच्छी खबर लेकर आ सकता है। जिस काम को लेकर पिछले कुछ दिनों से चिंता थी, उसमें राहत मिल सकती है।

**वृषभ** : 20 जून को कामकाज में व्यस्तता रह सकती है। कोई जरूरी जिम्मेदारी आपके पास आ सकती है। पैसों के मामले में दिन

**मिथुन** : 20 जून का दिन आपके लिए सकारात्मक रह सकता है। रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है।

**कर्क** : धैर्य के साथ काम करने की जरूरत है। कुछ काम उम्मीद के मुताबिक पूरे नहीं हो पाएंगे, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है।

**सिंह** : सिंह राशि के लोगों को आज कार्यक्षेत्र में सराहना मिल सकती है। अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं।

**कन्या** : 20 जून को काम और परिवार के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। किसी पुराने मामले का हल निकल सकता है।

**तुला** : 20 जून को कामकाज में सावधानी बरतें। किसी भी बात पर जल्द प्रतिक्रिया देने से बचें। मेहनत का फायदा मिलेगा।

**वृश्चिक** : 20 जून का दिन आपके लिए अच्छा रह सकता है। बातचीत के जरिए कई काम पूरे होंगे।

**धनु** : 20 जून का दिन रिश्तों के लिहाज से अच्छा रहेगा। परिवार और दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** : 20 जून को आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। कामकाज में अच्छे नतीजे मिल सकते हैं।

**कुंभ** : 20 जून का दिन नई शुरूआत के लिए अच्छा माना जा सकता है। किसी नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं।

**मीन** : 20 जून को आर्थिक मामलों में लाभ मिलने की संभावना है। मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है।

## ज्योतिष/वास्तु

## 27 जुलाई से शनि की बदलेगी चाल, जानें प्रभावित राशियों पर इसका क्या असर पड़ेगा

27 जुलाई को शनि की चाल में बड़ा बदलाव होगा। जानें साढ़ेसाती और शनि ढैय्या से प्रभावित राशियों पर इसका क्या असर पड़ेगा।

वैदिक ज्योतिष में शनि ग्रह की चाल में होने वाला हर परिवर्तन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसका प्रभाव लंबे समय तक विभिन्न राशियों पर देखने को मिलता है। 27 जुलाई 2026 को शनिदेव वक्री अवस्था में प्रवेश करने जा रहे हैं। शनि की यह उल्टी चाल कई लोगों के जीवन में नए अनुभव, चुनौतियां और अवसर लेकर आ सकती है। विशेष रूप से वे राशियां, जो वर्तमान में शनि की साढ़ेसाती या शनि की ढैय्या से प्रभावित हैं, इस परिवर्तन का असर अधिक महसूस कर सकती हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार शनि के वक्री होने से कर्म, करियर, आर्थिक स्थिति और व्यक्तिगत जीवन से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कि साढ़ेसाती और ढैय्या से प्रभावित किन 5 राशियों पर शनि की वक्री चाल का प्रभाव पड़ सकता है।

**मेष राशि-** शनि की वक्री चाल का प्रभाव आपके आर्थिक जीवन पर देखने को मिल सकता है, जिससे खर्चों में अचानक बढ़ोतरी होने की संभावना रहेगी। धन संबंधी मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना आवश्यक होगा, अन्यथा बजट प्रभावित हो सकता है। जो लोग नई नौकरी या करियर में बदलाव की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें सकारात्मक परिणाम मिल



सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलने के योग बन रहे हैं, जिन्हें सफलता से निभाने के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी भी महत्वपूर्ण कार्य में जल्दबाजी करने के बजाय योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना लाभदायक रहेगा।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों पर शनि की ढैय्या का प्रभाव जारी है, जिसके कारण जीवन में कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारियां आ सकती हैं। नौकरी और व्यवसाय में कार्यभार बढ़ सकता है, जिससे तनाव महसूस होने की संभावना है। निजी जीवन और पेशेवर जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता होगी। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेने से पहले अनुभवी लोगों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। जल्दबाजी या भावनाओं में बहकर किए गए कार्य नुकसान पहुंचा सकते हैं। धैर्य और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने पर परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल हो सकती हैं।

**धनु राशि-** धनु राशि पर शनि की ढैय्या का प्रभाव होने के कारण आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। निवेश, साझेदारी या बड़े लेन-देन से जुड़े फैसले सोच-समझकर लें। किसी भी प्रकार के जोखिम भरे निवेश से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखने और बचत पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी। कार्यक्षेत्र में मेहनत के अनुसार परिणाम मिलने में थोड़ा समय लग सकता है, इसलिए धैर्य रखें। सही योजना और समझदारी के साथ आगे बढ़ने पर आर्थिक और व्यावसायिक स्थिति को मजबूत बनाया जा सकता है।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि पर साढ़ेसाती का अंतिम चरण चल रहा है, इसलिए शनि की वक्री चाल कई मामलों में राहत और अच्छे परिणाम दे सकती है। लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों और मेहनत का फल मिलने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति, वेतन वृद्धि या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए भी प्रगति और विस्तार के अवसर बन सकते हैं। सामाजिक और पेशेवर जीवन में मान-सम्मान बढ़ेगा तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुके हुए कार्य पूरे होने से मानसिक संतोष प्राप्त हो सकता है।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों पर साढ़ेसाती का पहला चरण चल रहा है, इसलिए शनि की वक्री चाल कुछ चुनौतियां लेकर आ सकती है। करियर और कार्यक्षेत्र में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। वरिष्ठ अधिकारियों या सहकर्मियों के साथ तालमेल बनाकर चलने से समस्याएं कम हो सकती हैं। किसी भी नए काम या निवेश से पहले अच्छी तरह विचार करना लाभकारी रहेगा। स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही न करें और नियमित दिनचर्या अपनाने का प्रयास करें। मानसिक तनाव से बचने के लिए सकारात्मक सोच बनाए रखें।

भारत बनाम अफगानिस्तान तीसरा वनडे आज, चेन्नई में 55% बारिश की आशंका

## क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की सीरीज का तीसरा वनडे आज चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबला दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा। भारत पहले ही सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना चुका है और अब उसकी नजर क्लीन स्वीप पर होगी।

हालांकि, मौसम मैच में बाधा डाल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार चेन्नई में शनिवार को बारिश की 55% संभावना है।

**अफगानिस्तान को पहली जीत का इंतजार-** भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक 6 वनडे मुकाबले खेले गए हैं। इनमें भारत ने 5 मैच जीते हैं, जबकि एक मुकाबला टाई रहा है। अफगानिस्तान आज तक भारत के खिलाफ कोई वनडे मैच नहीं जीत सका है। दोनों टीमों के बीच एकमात्र टाई मैच 2018 में खेला गया था। मौजूदा सीरीज दोनों देशों के बीच पहली बाइलेटरल वनडे सीरीज है।




### बरार सीरीज के टॉप विकेट टेकर

वापसी कर रहे ईशान किशन ने दूसरे वनडे में 79 गेंदों पर 125 रन की शानदार पारी खेली। कप्तान शुभमन गिल भी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने पहले मैच में नाबाद 84 रन बनाए, जबकि दूसरे वनडे में नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए 110 गेंदों में 154 रन जड़े। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे मैच में 48 रन की तेज पारी खेली। गेंदबाजी में इस सीरीज से इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले गुरनूर बरार सबसे सफल रहे हैं और अब तक सबसे ज्यादा विकेट ले चुके हैं।

**गुरबाज अफगानिस्तान के टॉप स्कोरर-** अफगानिस्तान के लिए इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन रहमानुल्लाह गुरबाज ने बनाए हैं। उन्होंने दो मैचों में 143 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 170.23 का रहा है। गुरबाज ने सीरीज में एक शतक भी लगाया है। गेंदबाजी में नांगेलिया खरोटे ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपने एकमात्र मैच में 4 विकेट लिए है।

**हर्षित राणा स्क्वॉड में शामिल-** जांघ की चोट के कारण लखनऊ वनडे से बाहर रहने वाले सीम बॉलिंग ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी ने शुक्रवार को चेपॉक के नेट्स में बिना किसी परेशानी के गेंदबाजी की और वे आज को वापसी कर सकते हैं। घुटने की सर्जरी से रिकवर होने के बाद हर्षित राणा को तीसरे वनडे के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उन्हें जल्दबाजी में मैदान पर उतारने की संभावना कम है, उन्होंने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच इस साल फरवरी में खेला था।

### चेन्नई में 29वां वनडे खेला जाएगा

चेन्नई की पिच आमतौर पर स्पिनरों के लिए मददगार मानी जाती है, हालांकि शुरूआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को भी कुछ मदद मिल सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुकाबला चेपॉक की पिच नंबर 4 पर खेला जाएगा, जो कि लाल मिट्टी की है और यहां अच्छा बाउंस (उछाल) मिलने की उम्मीद है। मैच से दो दिन पहले चेन्नई में कुछ बारिश हुई थी, लेकिन मैच से एक दिन पहले मौसम साफ रहा।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11- भारतः** रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर/केएल राहुल, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश रेड्डी, कुलदीप यादव/हर्ष दुबे, गुरनूर बरार, प्रिंस यादव, प्रसिद्ध कृष्णा/अर्शदीप सिंह। **अफगानिस्तानः** रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हश्मतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), दरविश रसूली, राशिद खान, नांगेलिया खरोटे, मोहम्मद सलीम, अल्लाह गजनफर, बिलाल सामी।

### विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप-जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

ब्रह्मास्त्र ›› साउथम्पटन

वीमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में आज तीन मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के बीच होगा। ऑस्ट्रेलिया अपने दोनों मुकाबले जीत चुकी है। तीसरी जीत के साथ वह भारत को पछाड़कर ग्रुप-अ में टॉप पर पहुंच जाएगी। मुकाबला दोपहर 3 बजे से साउथम्पटन में खेला जाएगा। पाकिस्तान और बांग्लादेश का मुकाबला शाम 7 बजे से शुरू होगा। पाकिस्तान दोनों मुकाबले हार चुकी है, जबकि बांग्लादेश के 2 मैच में 2 पॉइंट्स हैं। दोनों के लिए यह जीत जरुरी है। तीसरा मुकाबला ग्रुप-इ में टॉप पर मौजूद इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच रात 11 बजे से होगा। टी-20 इंटरनेशनल में ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड की कभी भिड़ंत नहीं हुई है। यह पहला मौका होगा, जब दोनों टीमें आमने-सामने हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार 2 मुकाबले जीत चुकी है। नीदरलैंड अपने दोनों मुकाबले हार चुकी है। अब एक और हार उसे सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर कर सकती है।

अमेरिका 32 साल बाद

## फुटबॉल वर्ल्डकप के नॉकआउट में पहुंचा, ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया




ब्रह्मास्त्र ›› स्पेन

मेजबान अमेरिका ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 32 में प्रवेश कर लिया है। उसने शनिवार के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया। अमेरिकी टीम ने 32 साल बाद नॉकआउट राउंड में जगह बनाई है।

सिएटल स्टेडियम में ग्रुप-डी के मैच में स्टार फॉरवर्ड क्रिश्चियन पुलिसिक की गैरमौजूदगी में उतरी अमेरिकी टीम ने इस एडिशन में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। पुलिसिक पिंडली की चोट के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल सके। लेकिन, टीम को उनकी कमी नहीं खली। अमेरिका ने इससे पहले अपने पहले मुकाबले में पराग्वे को 4-1 से हराया था। टीम ग्रुप-डी में 6 अंक के साथ पहले स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर है। तुर्किए और पराग्वे एक-एक अंक के साथ तीसरे और चौके नंबर पर हैं। मैच के 11वें मिनट में अमेरिका को बढ़त मिली, जब फोलारिन बालोगुन के क्रॉस को रोकने की कोशिश में ऑस्ट्रेलियाई डिफेंडर कैमरून बर्गेस ने आत्मघाती गोल कर दिया। पहले हाफ के 43वें मिनट में अमेरिका ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।

## खबर एक नजर...

### काजी खलीकुर्रहमान बोले- धार्मिक स्थलों को न छेड़ा जाए

**उज्जैन।** उज्जैन में शुक्रवार को जामा मस्जिद में शहर काजी खलीकुर्रहमान ने मुस्लिम समाज को संबोधित किया। उन्होंने सिंहस्थ के चौड़ीकरण और विकास कार्यों के संदर्भ में धार्मिक स्थलों को न छेड़ने की अपील की। शहर काजी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि यह मुद्दा आज का नहीं, बल्कि लंबे समय से चला आ रहा है। उन्होंने कहा- मुस्लिम समाज ने हमेशा अपना फर्ज निभाया है और कभी किसी का दुश्मन नहीं रहा। समाज बराबरी का हकदार है और उसने हमेशा अपने वादों को पूरा किया है। शहर काजी ने यह भी कहा कि समाज के भीतर नाराजगी है और यदि हमारी बातों को नहीं समझा गया और चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया तो आगे चलकर विरोध और प्रदर्शन करना पड़ सकता है। काजी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मुस्लिम समाज को कहीं न कहीं नाइंसाफी की आशंका है। पहले भी ऐसे अवसर आए हैं जब जिम्मेदार लोगों ने कई वादे किए, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया गया। इसके बावजूद मुस्लिम समाज ने अपने वादे निभाए हैं। हमारी मुख्य मांग है कि सभी के साथ बराबरी का व्यवहार हो। ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी एक पक्ष को अधिक महत्व मिले और दूसरे पक्ष को कम। पहले भी ऐसी स्थितियों में नुकसान हुआ है और आगे भी ऐसे हालात बनने की आशंका है।

### बाग वाले हनुमान मंदिर में सभा मंडप अटका, भक्तों ने ज्ञापन दिया

**उज्जैन।** प्राचीन बाग वाले हनुमान मंदिर में प्रस्तावित सभा मंडप का निर्माण शुरू नहीं होने पर श्रद्धालुओं ने नाराजगी जताई। शासन ने 10 लाख 83 हजार 864 रुपए की राशि स्वीकृत की थी और नगर निगम ने कायार्देश भी जारी कर दिया, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हुआ। शुक्रवार को श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्र हुए और महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। भक्त मंडल के अनुसार विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा की अनुशंसा पर राशि मंजूर हुई थी। समिति का आरोप है कि कुछ लोग बाधा डाल रहे हैं, जिससे योजना अटकी है। समिति सचिव मनीष सिंह चौहान ने कहा प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। पार्षद लीला वर्मा ने निर्माण को प्राथमिकता देने के साथ ही इसमें बाधा डालने वालों पर कार्रवाई और निर्माण शुरू कराने की मांग की।

### कमरे में पिता-पुत्र ने छुपाकर रखी थी अवैध शराब



**उज्जैन।** मोहर्रम इंतजाम ड्युटी पर टीम के साथ निकले बड़नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार को खबर मिली कि ग्राम जाफला में हाजी इब्राहिम शहीद दरगाह के सामने गार्डन मे बने कमरे में अवैध शराब छुपाकर रखी गई है। थाना प्रभारी ने एएसआई सुनील देवके, नारायणसिंह वास्केल, प्रधान आरक्षक राहुल सिंह राठौर, हेमराज खरे, आरक्षक राजु माली, महेश मोर्य के साथ गार्डन में बने कमरे पर दबिश मारी। एक युवक पुलिस को देख भाग निकला, मौके से तुलसीराम पिता चंदरसिह हाडा 45 साल निवासी जाफला और उसके पुत्र नारायणसिह हाडा जाति 21 साल को हिरासत में लिया। कमरे की तलाशी लेने पर वहां रखी देशी, अंग्रेजी की 6 पेटी से अधिक शराब बरामद हो गई। पूछताछ करने पर पिता-पुत्र ने बताया कि भागा साथी रोहित है। थाना प्रभारी सिंगार के अनुसार पिता-पुत्र बोहरा समाज के कब्रिस्तान और गार्डन की चौकीदारी करते है। जिसकी आड़ में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा था। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। दोनों के फरार साथी की तलाश जारी है।

### मायके जाने की बात कहीं तो पति ने लात-घूंसों से पीटा

**उज्जैन।** खाचरौद थाना पुलिस ने ग्राम बेहलोला की रहने वाली टिनाबाई की शिकायत पर पति मनीष पांचाल के खिलाफ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। टीनाबाई ने शिकायत में बताया कि उसने रात को घर लौटे पति से मायके जाने की बात कहीं थी, इसी पर मनीष ने उसके साथ लात-घूंसो मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर पति को हिरासत में लिया गया है।

### धारदार चाकू के साथ हिरासत में आये 2 बदमाश

**उज्जैन।** चैकिंग अभियान के दौरान चिमनगंज थाना पुलिस ने कानीपुरा मल्टी के पास से शाहरूख उर्फ माया नामक बदमाश को पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास से धारदार चाकू बरामद हो गया। बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। इसी प्रकार कोतवाली थाना पुलिस ने सूचना मिलने नगर निगम परिसर में चाकू लेकर घूम रहे बदमाश कृष्णा भारती को घेराबंदी कर पकड़ा और चाकू बरामद होने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। दोनों बदमाशों को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 559-9 | 169-6 |
| मेन बाजार | 590-4 | 247-3 |
| मिलन डे | 138-2 | 390-2 |
| मिलन नाइट | 557-7 | 469-9 |

5 8 0

---

**भाई ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लाश मिलने पर हत्या का आरोप लगाया, मृतक साधु के शरीर पर चोंट के निशान भी सामने आये**

# 10 दिनों से लापता साधु की समाधि खोदकर निकाली लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





10 दिनों से लापता साधु गंगेश्वरगिरी की शुक्रवार दोपहर पुलिस ने मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर कुटिया के पीछे से नदी किनारे समाधि खोदकर लाश बाहर निकाली। भाई ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लाश मिलने पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक साधु के शरीर पर चोंट के निशान भी सामने आये है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि जावरा के पिपली बाजार खान साहब की गली में रहने वाले अनिल पिता किशोर जोशी ने 17 जून को थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसका भाई साधु बन गया था, वर्तमान में मंगलनाथ मंदिर मलानी बाबा की कुटिया में रहता था। 10 जून से संपर्क नहीं हुआ तो वह मिलने उज्जैन आया था। कुटिया अस्त-व्यस्त पड़ी थी और भाई गंगेश्वर गिरी उर्फ सुनील जोशी 40 साल लापता था। उसने आसपास दुकानदारों से पूछताछ की तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है और कुटिया के पीछे उसकी समाधि बनी हुई है। मामला संगीन होने पर जांच शुरू की गई। मंगलनाथ मार्ग पहुंचकर पूछताछ शुरू की गई और प्रशासन से समाधि खोदने की अनुमति मांगी गई। शुक्रवार को अनुमति मिलने पर सामधि को खोदा गया, जिनके नीचे से गंगेश्वरगिरी उर्फ सुनील जोशी 40 साल की लाश बरामद हो गई। मामले में मर्ग कायम किया गया है। शाम को शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा।

**भास्करानंद महाराज पर हत्या की शंका-** भाई ने हत्या की आशंका भास्करानंद और उसके चेले लंगडा गुरू पर जताई है। मृतक के भाई अनिल का कहना था कि लाश मिलने के बाद भास्करानंद से मोबाइल पर चर्चा की गई। पहले उसका कहना था कि डेढ़ साल पहले गंगेश्वरगिरी को भगा दिया गया था। उसका सामान हमारे पास है नीमच आकर ले जाओ। अनिल का आरोप यह भी है कि भास्करानंद और उसके चेलों ने मारपीट कर हत्या के बाद कुटिया में रखे रुपए भी चोरी किये है।

#### फोन पर सुनाई दिया था विवाद

जावरा से आये भाई अनिल जोशी ने बताया कि 10 जून को मोबाइल पर बातचीत के दौरान विवाद होने की आवाज सुनाई दी थी। दूसरे दिन सुनील उर्फ गंगेश्वर को कॉल किया तो मोबाइल बंद होना सामने आया। 7 दिनों से तक बातचीत नहीं होने पर मां ने मिलकर आने के लिये कहा। उज्जैन आने पर पता चला कि उसकी हत्या कर लाश को समाधि में दफना दिया गया है। लाश मिलने के बाद भाई के शरीर पर चोंट के निशान होना सामने आये है।

#### 16 साल पहले ली थी दीक्षा

मृतक साधु गंगेश्वरगिरी के भाई अनिल ने बताया कि पिता का निधन हो चुका है। घर में मां और 2 भाई थे। सुनील ने 2010 में नीमच के महाराज भास्करानंद से दीक्षा प्राप्त की थी और साधु बन गया था। उसके बाद उत्तरप्रदेश चला गया था। जहां प्रयागराज कुंभ में शामिल था। उसके बाद उज्जैन आ गया था। मलानी बाबा भाई गंगेश्वरगिरी को अपनी कुटिया सौंप चले गये थे। जिसके बाद से भाई यहीं रहने लगा था और मंदिर में पूजा-पाठ करता था।

## फिरौती मांगे वाले बदमाश पकड़ाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



लैंक्सेस कंपनी के डिप्टी मैनेजर से पांच लाख की फिरौती मांगने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज होना सामने आये है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि लैंक्सेस कंपनी के डिप्टी मैनेजर राजेश यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 3 बदमाशों द्वारा उनसे पांच लाख की फरौती मांगी जा रही है। बदमाशों ने उन्हे जान से मारने की धमकी देकर पांच हजार रुपए छीन लिये है। मामले में बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और गुरूवार शाम फिरौती मांगने वाले बदमाशों उमेश पिता रमेश कल्याणे, दीपक पिता बाबूलाल कल्याणे, संदीप पिता रामलाल राठौड निवासी सी ब्लॉक टापरी बिरलाग्राम को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से छीने गये पांच हजार में से मात्र 560 रुपए बरामद हो पाये है। शेष राशि खर्च करना बताया। थाना प्रभारी के अनुसार उमेश के खिलाफ पूर्व में 8, दीपक के खिलाफ 5 और संदीप पर 2 अपराधिक मामले दर्ज है। बदमाशों द्वारा बिरलाग्राम और नागदा में कंपनी के कर्मचारियों से आये दिन फिरौती की मांग की जाती है। पूर्व में भी बदमाशों के खिलाफ कई कर्मचारी शिकायती आवेदन दे चुके है। बदमाशों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

**हिरासत में 2 आरोपी, आज होगा सकता है खुलासा**

## हत्या करने के बाद कपड़ों के नीचे छुपाई लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बावन कुंड के पास शुक्रवार दोपहर पुराने कपड़ों के ढेर में दबी व्यक्ति की लाश मिली। मामला हत्या का होने पर पुलिस ने पड़ताल शुरू की और कुछ घंटे में 2 आरोपियों को हिरासत में ले लिया। मामला शराब के नशे में विवाद का होना सामने आया है।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के कालियादेह महल स्थित बावन कुंड पर दोपहर में कुछ लोग कुंड से पैसे निकालने पहुंचे थे। उन्हे कपड़ो का ढेर लगा दिखाई दिया। जिसे हटाने पर खून नजर आया। कपड़ो के ढेर में एक व्यक्ति की लाश पड़ी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक की हत्या की गई है और कपड़ो के ढेर में लाश का छुपाया गया था। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किये कुछ देर में पता चला कि मृतक हीरालाल पिता मोतीराम केवट 40 साल है। जो परिवार से अलग बावन कुंड के आसपास रहता था और मछली पकड़ने का काम करता था। जांच-पड़ताल के दौरान सामने आया कि मृतक हीरालाल के साथ आबूखाना क्षेत्र के रहने वाले मुकेश केवट और दिलीप केवट रहते थे, तीनों साथ में नशा करते थे। गुरूवार देर शाम दोनों के साथ दिखाई दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये पहुंचाया और दोनों की तलाश शुरू की। कुछ घंटे बाद दोनों को हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों ने शराब पीने के दौरान हुए विवाद में सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी थी और कुंड के आसपास पड़े पुराने कपड़ों को एकत्रित कर उसके नीचे छुपाकर भाग निकले थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है। संभवतः आज शाम तक मामले का खुलासा किया जा सकता है।

#### छोड़कर चले गये थे पत्नी-बच्चे

हीरालाल का शव मिलने के बाद पुलिस ने परिजनों की तलाश कर सूचना दी। भाई सुरेश केवट बावन कुंड पहुंचा और बताया कि ग्राम कालियादेह में रहता था। हीरालाल के 2 बच्चे, एक पुत्र और एक पुत्री है। दोनों की शादी हो चुकी है, पत्नी सात साल पहले छोड़कर चली गई थी। हीरालाल शराब पीने का आदी था, बच्चों ने भी साथ छोड़ दिया था। जिसके चलते वह बावनकुंड के आसपास ही घूमता रहता था और मछली पकड़कर अपना जीवन ज्ञापन कर रहा था।

## महिदपुर थाना क्षेत्र से लापता हुई बालिका भोपाल में 2 माह बाद युवक के साथ मिली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महिदपुर थाना क्षेत्र से लापता हुई 15 साल की बालिका को 2 माह बाद पुलिस ने भोपाल से युवक के साथ दस्तयाब किया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 17 अप्रैल को बालिका के लापता होने पर परिजनों ने अज्ञात युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी।

मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। कुछ दिनों बाद पता चला कि बालिका का महिदपुर का रहने वाला कमल पिता मांगू झांसा देकर ले गया है। जिसकी लगातार तलाश जारी थी। 2 माह बाद सूचना मिली कि कमल भोपाल में बालिका के साथ दिखाई दिया है। बालिका की दस्तयाबी के लिये टीम रवाना की गई। गुरूवार रात भोपाल में एक मकान पर दबिश देकर बालिका को दस्तयाब किया गया। वहीं कमल को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि कमल ने बालिका के साथ सबसे पहले महिदपुर के जंगल में गलत काम किया और फिर भोपाल ले गया। जहां कुछ दिन रूकने के बाद जयपुर चला गया था। कुछ दिन पहले ही वापस भोपाल लौटा था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में दर्ज अपहरण के प्रकरण में दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धारा का इजाफा कर कमल को गिरफ्तार किया गया। जिसे शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

## महिला बोली चाकू-बंदूक की नोंक पर हुआ दुष्कर्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



**पुलिस को संदेह, केबल चोरी की सामने आई खबर**

बड़नगर थाना पुलिस के पास शुक्रवार को चाकू-बंदूक की नोंक पर महिला के साथ दुष्कर्म का मामला पहुंचा। पुलिस ने जांच शुरू की तो संदेह होना सामने आया। फिलहाल मामले की जांच जारी है, जल्द पटाक्षेप किया जायेगा।

बड़नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि ग्राम आमला में हाली का काम करने वाले दंपति ने दोपहर में थाने आकर बताया कि रात में कुछ बदमाश पिकअप और बाइक से आये थे। जिन्होने क्षेत्र में पवन चक्की की केबल चोरी की और चाकू-बंदूक की नोंक से पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। बदमाश पति को अलग लेकर चले गये थे। मामला संगीन होने पर तत्काल जांच शुरू की गई। खेत मालिक से पूछताछ करने पर सामने आया कि दंपति कुछ दिन पहले ही काम पर आये है। सुबह वह दूध लेने खेत पर गया था, उस दौरान दोनों ने कोई घटना होना नहीं बताई। खेत और आसपास अन्य हाली भी रहते है। किसी को कोई जानकारी नहीं है। पुलिस को जांच में पता चला कि दंपति ने एडवांस राशि ली और अब काम करना नहीं चाहते है। लेकिन रात में पवन चक्की में लगने वाली केबल जरूर चोरी हुई है। थाना प्रभारी सिंगार के अनुसार प्रथमदृष्ट मामला संदेहास्पद है। फिलहाल जांच जारी है जो भी तथ्या सामने आयेगें उसका जल्द पटाक्षेप किया जायेगा।

### श्रद्धालुओं का जत्था नाथद्वारा व सांवरिया सेठ की यात्रा पर रवाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वल्लभ वैष्णव मंडल के 101 सदस्य सपरिवार तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा पर नाथद्वारा एवं सांवरिया सेठ के लिए रवाना हुए हैं। मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में सभी श्रद्धालु शाम को वीर भूमि एक्सप्रेस से अपनी यात्रा पर निकले। कार्यक्रम संयोजक दीपक राजवानी ने बताया कि श्रद्धालु प्रातः नाथद्वारा पहुंचकर मंगला आरती में शामिल होंगे। इसके पश्चात सभी का विश्राम खड़ायता धर्मशाला में होगा और दोपहर को राजभोग के दर्शन किए जाएंगे। नाथद्वारा में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन प्रातः कांकरोली होते हुए श्रद्धालु सांवरिया सेठ के दर्शन करेंगे। दर्शन के उपरांत सभी सदस्य रात्रि में चित्तौड़गढ़ से रवाना होंगे और सोमवार को 5 बजे भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन लौटेंगे। इस धार्मिक यात्रा की व्यवस्थाओं और सफल संचालन में कार्यक्रम के सहसंयोजक योगेश नीमा सहित मंडल पदाधिकारी जयेश श्रॉफ, आनंद पुरोहित, अमित खघारिया, रविंद्र मूले, विजय शाह, पवन त्रिपाठी सराहनीय भूमिका रही।

## काल भैरव मंदिर में 500 रु. में वीआईपी दर्शन का विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



काल भैरव मंदिर में 500 रुपये लेकर वीआईपी दर्शन कराने की व्यवस्था का विरोध बढ़ गया है। भाजपा नेता सुरेंद्र सांखला ने जिला प्रशासन से मांग की है कि दर्शन व्यवस्था सभी श्रद्धालुओं के लिए समान और सुलभ हो।पैसे के आधार पर अलग कतारें समानता के सिद्धांत के खिलाफ हैं और वीआईपी दर्शन प्रथा तत्काल बंद की जाए। सांखला ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट से मिले अधिकारों का दुरुपयोग हो रहा है। प्रशासन मंदिर आय पर नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु दर्शन पर ध्यान दे। दान पेटियों के कारण होने वाली बाधा हटाने पर भी विचार की बात कही।

उन्होंने यातायात और पार्किंग व्यवस्था सुधारने, पार्किंग शुल्क तय करने, दिशा-निर्देश जारी करने और मंदिरों के आसपास अतिक्रमण हटाने की मांग की। मुख्य मार्गों पर मांस-मदिरा प्रतिबंध के बावजूद उल्लंघन और अवैध शराब कारोबार जारी रहने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

**पत्नी को नहीं भेजने पर भाई और दोस्त के साथ रची थी साजिश**

## महुडीपुरा रोड हुए हत्या का खुलासा, दामाद निकला सास और प्रेमी के कत्ल का आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महुडीपुरा रोड हुए प्रेमी-प्रेमिका के कत्ल का 24 घंटे बाद राघवी पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। हत्या को मृतक महिला के दामाद ने अपने भाई और दोस्त के साथ अंजाम दिया था। पुलिस दामाद और भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम खरचुनिया प्रताप स्थित महुडीपुरा रोड पर गुरूवार दोपहर अम्बाराम और अमर के खेत की मेढ़ पर महिला-पुरूष की खून से सनी लाश मिलना सामने आया था। मृतकों की पहचान कालूराम पिता पर्वतलाल वर्मा 40 साल और मंजूबाई पति सत्यनारायण शर्मा 42 साल निवासी ग्राम बैलाखेड़ा के रूप में हुई थी। दोनों प्रेमी-प्रेमिका होना सामने आये थे। राघवी थाना प्रभारी विरेन्द्र बंदेवार ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। शुक्रवार सुबह हत्या में शामिल मृतक मंजूबाई के दामाद अनिल पिता आनंदीलाल और उसके भाई कालूराम निवासी ग्राम बरखेड़ा बुजुर्ग को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने साथी रफीक पिता मुबारक निवासी नवदुर्गा कॉलोनी के पीछे घट्टिया के साथ मिलकर करना कबूल कर लिया। पुलिस ने रफीक की तलाश में दबिश दी, लेकिन वह फरार होना सामने आया। दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने के बाद दोनों आरोपी भाईयों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। फरार रफीक की तलाश जारी है।

#### 12 लाख रुपए देकर की थी शादी

आरोपी अनिल से पुलिस पूछताछ में पता चला कि मंजूबाई की 6 पुत्री और एक पुत्र है। मंजू का कालूराम से प्रेम प्रंसग चल रहा था। जिसकी जानकरी उसके पति और पूरे परिवार को थी। मंजूबाई की चार बेटियों की शादी हो चुकी है। एक से सालभर पहले अनिल ने शादी की थी, बदले में 12 लाख रुपए दिये थे। लेकिन वह बार-बार मायके चली जाती थी। पूर्व में विवाद भी हो चुका था। अनिल को शंका थी कि सास मंजू और उसके प्रेमी कालूराम द्वारा उसकी पत्नी को ससुराल नहीं भेजा जा रहा है। इसी बात को लेकर उसने भाई और दोस्त के साथ साजिश रची।

#### टायर खोलने के पाने से किया हमला

सास और उसके प्रेमी की हत्या करने वाले दामाद और उसके भाई ने बताया कि दोनों के बीच की पूरी कहानी मालूम थी, कब, कहां से आते-जाते है। वह घट्टिया से दोपहिया वाहन पर सवार होकर आये थे। सास मंजू शासकीय स्कूल में माध्यान भोजन बनाने का काम करती थी और कालूराम के साथ जाती थी। दोनों बाइक से लौट रहे थे, उसी दौरान सूनसान रास्ते पर ट्रक के टायर खोलने के बड़े पाने से दोनों पर हमला किया। दोनों के सिर पर कई वार किये थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com